कार्यालय, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी
समग्र शिक्षा, ब्लॉक–भीण्डर (उदयपुर)

# संकल्प-2022

**(एक अभिनव पहल)**

# प्रश्न बैंक

# इतिहास

# कक्षा – 12

**बोर्ड परीक्षा परिणाम में गुणात्मक एवं संख्यात्मक उन्नयन हेतु अभिनव कार्ययोजना के तहत् निर्मित**

## मुख्य संरक्षक

**कानाराम , IAS**
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

**एन्जिलिका पलात**
संयुक्त निदेशक
स्कूल शिक्षा, उदयपुर

**ओम प्रकाश आमेटा**
मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी
उदयपुर

## संरक्षक

**रमेश सीरवी पुनाड़िया, RAS**
उपखण्ड अधिकारी
भीण्डर,उदयपुर

**श्रवण सिंह राठौड़, RAS**
उपखण्ड अधिकारी
वल्लभनगर, उदयपुर

## मार्गदर्शन

**महेन्द्र कुमार जैन**
मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, ब्लॉक भीण्डर, उदयपुर

**भेरुलाल सालवी**
अति.मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी

**रमेश खटीक**
अति.मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी

**गिरिश चौबीसा**
संदर्भ व्यक्ति

**महेन्द्र कोठारी**
संदर्भ व्यक्ति

## संयोजक

दिनेश डांगी, प्राध्यापक, इतिहासए रा.उ.मा.वि.करणपुर, उदयपुर

कार्यकारी दल
सर्वश्री प्राध्यापक इतिहास, ब्लाक भींडर, उदयपुर
Question Bank कार्य विभाजन

| S. No. | Name | Chapter name | Page no. | Topic |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Pushkar Raj Menaria | ईंटें, मनके व अस्थियां | 1 - 10 | आंरभ, निर्वाह के तरीके, मोहनजोदड़ो, सामाजिक भिन्नताओं का अवलोकन। |
| 2 | Pushkar Das Vaishnav | ईंटें, मनके व अस्थियां | 10 - 16 | शिल्प उत्पादन के विषय में जानकारी, माल प्राप्त करने संबंधी नीतियां, मोहरे लिपि तथा बाट। |
| 3 | Prem Singh Shaktawat | ईंटें, मनके व अस्थियां | 16-25 | प्राचीन सत्ता सभ्यता का अंत,हड़प्पा सभ्यता की खोज, अतीत को जोड़कर पूरा करने की समस्याएं |
| 4 | Kavita ji | राजा, किसान और नगर | 28-37 | प्रिंसेस और पियदस्सी, प्रारंभिक राज्य, एक आरंभिक साम्राज्य, राजधर्म के नवीन सिद्धांत। |
| 5 | Pankaj Kumar Joshi | राजा, किसान और नगर | 38-51 | बदलता हुआ देहात, नगर एवं व्यापार, मूल बातें, अभिलेख साक्ष्य की सीमा |
| 6 | Akhileshwar Pandey | बंधुत्व, जाति तथा वर्ग | 53-60 | परिचय, महाभारत का समालोचनात्मक संस्करण, बंधुता एवं विवाह। |
| 7 | Bhopal Singh Rathore | बंधुत्व, जाति तथा वर्ग | 61-71 | सामाजिक विषमताएं, जन्म से परे |
| 8 | Chandresh Kumar Dak | बंधुत्व, जाति तथा वर्ग | 72-79 | सामाजिक विषमताओं की व्याख्या, साहित्यिक स्रोतों का इस्तेमाल, एक गतिशील ग्रंथ |
| 9 | Krishna Raj Singh Chundawat | यात्रियों के नजरिएं | 115-123 | परिचय, अलबरूनी तथा किताब उल हिंद, इब्नबतूता का रेहला, फ्रांस्वा बर्नियर एक विशिष्ट चिकित्सक। |
| 10 | Priyanka Dagar | यात्रियों के नजरिएं | 124-129 | एक अपरिचित संसार की |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | समझ, अलबरूनी तथा संस्कृत वादीपरंपरा, इब्नबतूता तथा अनजाने को जानने की उत्कंठा |
| 11 | Om Prakash Teli | यात्रियों के नजरिएं | 130-137 | बर्नियर तथा अपविकसित पूर्व, महिलाएं: दासियां, सती तथा श्रमिक। |
| 12 | Surendra Shekhar Tripathi | भक्ति- सूफी परंपराएं | 140-148 | धार्मिक विश्वासों और आचरणों की गंगा जमुनी बनावट, उपासना की कविताएं प्रारंभिक भक्ति परंपरा, कर्नाटक की वीर शैव परंपरा, उत्तरी भारत में धार्मिक उफान |
| 13 | Bhanwar Lal | भक्ति- सूफी परंपराएं | 148-159 | दुशाले के नए ताने-बाने इस्लामी परंपराएं, सूफी मत का विकास, उपमहाद्वीप में चिश्ती सिलसिला |
| 14 | Prashant Mistri | भक्ति- सूफी परंपराएं | 160-167 | नवीन भक्ति पंथ उत्तरी भारत में संवाद और असहमति, धार्मिक परंपराओं के इतिहासों का पुनर्निर्माण। |
| 15 | Mamta Dave | एक साम्राज्य की राजधानी: विजयनगर | 170-183 | हंपी की खोज, राय- नायक तथा सुल्तान, विजय नगर राजधानी तथा उसके परिप्रदेश, राजकीय केंद्र। |
| 16 | Hari Darshan Vaishnav | एक साम्राज्य की राजधानी: विजयनगर | 184-194 | धार्मिक केंद्र, महलों- मंदिरों तथा बाजारों का अंकन, उत्तरों की खोज में प्रश्न |
| 17 | Mahendra Pal Singh | उपनिवेशवाद और देहात | 258-265 | परिचय, बंगाल और वहां के जमीदार । |
| 18 | Kailash Chandra Mundra | उपनिवेशवाद और देहात | 266-275 | कुदाल और हल। |
| 19 | Anil Joshi | उपनिवेशवाद और देहात | 275-286 | देहात में विद्रोह - बंबई दक्कन, दक्कन दंगा आयोग। |
| 20 | Manju Vyas | विद्रोही और राज | 288-296 | परिचय, विद्रोह का ढर्रा |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 21 | Ashish Joshi | विद्रोही और राज | 296-305 | अवध में विद्रोह, विद्रोही क्या चाहते थे। |
| 22 | Nathi Meena | विद्रोही और राज | 305-313 | दमन, विद्रोह की छवियां। |
| 23 | Mahendra Samriya | औपनिवेशिक शहर | 316-323 | परिचय, पूर्व औपनिवेशिक काल में कस्बे और शहर, औपनिवेशिक शहरों की पड़ताल। |
| 24 | Shiv Lal Regar | औपनिवेशिक शहर | 324-330<br>343-344 | नए शहर कैसे थे, इमारतें और स्थापत्य शैलियां क्या बताती है। |
| 25 | Pravin Singh Chundawat | औपनिवेशिक शहर | 331-343 | पृथक्करण नगर नियोजन और भवन निर्माण, |
| 26 | Jagdish Meghval | महात्मा गांधी और राष्ट्रीय आंदोलन | 346-355 | परिचय, स्वयं की उद्घोषणा करता एक नेता, असहयोग की शुरुआत और अंत |
| 27 | Pyare Lal Salvi | महात्मा गांधी और राष्ट्रीय आंदोलन | 355-364 | नमक सत्याग्रह, भारत छोड़ो |
| 28 | Suresh Kalani | महात्मा गांधी और राष्ट्रीय आंदोलन | 364-374 | आखिरी बहादुराना दिन, गांधी को समझना। |
| 29 | Champalal Suthar | मानचित्र | | इनके मनके तथा अस्थियां, राजा किसान और नगर |
| 30 | Ganesh Lal Salvi | मानचित्र | | बंधुत्व जाति तथा वर्ग, यात्रियों के नजरिए |
| 31 | Basanti Lal khatik | मानचित्र | | भक्ति सूफी परंपराएं, एक साम्राज्य की राजधानी विजयनगर |
| 32 | Jagdish Chandra Jaat | मानचित्र | | उपनिवेशवाद और देहात, विद्रोही और राज |
| 34 | Bhupendra Kumar Regar | मानचित्र | | औपनिवेशिक शहर, महात्मा गांधी और राष्ट्रीय आंदोलन |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान अजमेर

## परीक्षा 2022 के लिए संक्षिप्तिकृत पाठ्क्रम

कक्षा – 12

विषय – इतिहास

| प्रश्न पत्र | समय (घंटे) | प्रश्न पत्र के लिए अंक | संत्राक | पूर्णांक |
|---|---|---|---|---|
| एक पत्र | 3:15 | 80 | 20 | 100 |

22

| कम संख्या | अध्याय/ईकाइ का नाम | अंक भार |
|---|---|---|
| | भारतीय इतिहास के विषय भाग – 1 Themes in Indian history part-i | |
| | खण्ड – क | |
| | **इकाई – 1–3 पुरातत्व तथा प्राचीन भारत** | |
| | 1. हड़प्पा सभ्यता– ईट मनके तथा अस्थियां The harappan civilisation-bricks,beads and bones | 8 |
| | 2. आरंभिक राज्य और अर्थव्यवस्थऐं– राजा किसान और नगर Early states and economies | 7 |
| | 3. आरंभिक समाज – बन्धुत्व , जाति तथा वर्ग Early societies: kinship, caste and class | 7 |
| | भारतीय इतिहास के विषय भाग – 2 Themes in Indian history part-ii | |
| | खण्ड – ख | |
| | **इकाई – 5–7 मध्यकालीन भारत** | |
| | 5. यात्रियों के नज़रिये – समाज के बारे में उनकी समझ (लगभग दसवीं से सत्रवहीं सदी तक) Through the eyes of travellers-perceptions of society (Tenth to seveteenth century) | 8 |
| | 6. भक्ति – सूफी परम्परायें – धार्मिक विश्वासों में बदलाव और श्रद्धा ग्रंथ (लगभग आठवीं से अठारहवीं सदी तक) Bhakti & sufi traditions, changes in religious beliefs and devotional texts Eight to eighteenth century) | 9 |
| | 7. एक साम्राज्य की राजधानी : विजयनगर (लगभग चौदहवी से सोलहवी सदी तक) An imperial capital : vijaynagara ( Fourteenth to sixteenth century) | 8 |
| | भारतीय इतिहास के विषय भाग – 3 Themes in Indian history part-iii | |
| | खण्ड – ग | |
| | **इकाई – 10–13 आधुनिक भारत** | |
| | 10. उपनिवेशवाद और देहात – सरकारी अभिलेखों का अध्ययन Colonialism and the countryside - exploring official archives | 6 |
| | 11. विद्रोही और राज – 1857 का आंदोलन और उसके व्याख्यान Rebels and the raj - the revolt of 1857 and its representations. | 6 |
| | 12. औपनिवेशिक शहर – नगर–योजना, स्थापत्य, नगरीकरण Colonial cities-urbanisation, planning and architecture | 8 |
| | 13. महात्मा गांधी और राष्ट्रीय आंदोलन – सविनय अवज्ञा और उससे आगे Mahatma gandhi and the nationalist movement: civil disobedience and beyond | 8 |
| | **इकाई – 16 मानचित्र कार्य** Map work | 5 |

Scanned by CamScanner

# परीक्षा 2022 के लिए विलोपित किये गये अध्याय/इकाई का विवरण

**कक्षा – 12**
**विषय – इतिहास**

| पृष्ठ संख्या | भारतीय इतिहास के विषय भाग – 1 Themes in Indian history part-i |
|---|---|
| | खण्ड – क |
| | इकाई – 4 |
| 82–113 | 4. सांस्कृतिक विकास – विचारक, विश्वास और इमारतें Thinkers, beiliefs and buldings: cultural developments. |
| | भारतीय इतिहास के विषय भाग – 2 Themes in Indian history part-ii |
| | खण्ड – ख |
| | इकाई – 8–9 |
| 169–223 | 8. किसान जमींदार और राज्य – कृषि समाज और मुगल साम्राज्य (लगभग सोलहवीं और सत्रहवीं सदी) Peasants, zamindars and the state agration society and the mughal empire (sixteenth - seventeenth centuries) |
| 224–254 | 9. शासक और इतिवृत्त मुगल दरबार Kings and chronicles: the mughal courts (sixteenth - seventeenth centuries) |
| | खण्ड – ग |
| | इकाई – 14–15 |
| 376–404 | 14. विभाजन को समझना– राजनीति, स्मृति, अनुभव Understanding partition politics, memories, experiences |
| 405–431 | 15. संविधान का निर्माण एक नये युग की शुरूआत Farming the constitution-the beginning of a new era. |

22

**निर्धारित पुस्तकें :–**
**Prescribed Books :**

**भारतीय इतिहास के कुछ विषय भाग–1–एन.सी.ई.आर.टी. से प्रतिलिप्याधिकार अन्तर्गत प्रकाशित**
**Themes in Indian History Part-1**—NCERT's Book Published under Copyright
**भारतीय इतिहास के कुछ विषय भाग–2–एन.सी.ई.आर.टी. से प्रतिलिप्याधिकार अन्तर्गत प्रकाशित**
**Themes in Indian History Part-2**—NCERT's Book Published under Copyright
**भारतीय इतिहास के कुछ विषय भाग–3–एन.सी.ई.आर.टी. से प्रतिलिप्याधिकार अन्तर्गत प्रकाशित**
**Themes in Indian History Part-3**—NCERT's Book Published under Copyright

Scanned by CamScanner

## अध्याय– 1. ईंटें, मनके तथा अस्थियाँ

प्रश्न 1. सिंधु घाटी सभ्यता की सबसे विशिष्ट पुरावस्तु कोनसी है ?

उत्तर– 'हडप्पाई मुहर' सिंधु घाटी सभ्यता की सबसे विशिष्ट पुरावस्तु है।

प्रश्न 2. हडप्पाई मुहर किससे बनाई जाती थी ?

उत्तर– हडप्पाई मुहर सेलखडी नामक पत्थर से बनाई जाती थी।

प्रश्न 3. सिंधु घाटी सभ्यता को एक अन्य नाम ' हडप्पा सभ्यता' के नाम से क्यों जाना जाता है ?

उत्तर– सिंधु घाटी सभ्यता का सर्वप्रथम खोजा गया स्थल हडप्पा होने से इसे 'हडप्पा सभ्यता' के नाम से भी जाना जाता है।

प्रश्न 4. किस हडप्पा स्थल से नहरों के अवशेष मिले हैं ?

उत्तर– अफगानिस्तान में शोर्तुगई नामक हडप्पा स्थल से नहरों के कुछ अवशेष मिले हैं।

प्रश्न 5. धोलावीरा (गुजरात) में मिले जलाशयों का प्रयोग संभवतः किसके लिए होता था ?

उत्तर– धोलावीरा (गुजरात) में मिले जलाशयों का प्रयोग संभवतः कृषि में सिंचाई के लिए पानी इक्कठा करने लिए किया जाता था।

प्रश्न 6. सबसे पहले खोजा गया स्थल हडप्पा था परन्तु सबसे प्रसिद्ध पुरास्थल कोनसा है ?

उत्तर– सिंधुघाटी सभ्यता अथवा हडप्पा सभ्यता का सबसे प्रसिद्ध पुरास्थल मोहनजोदडो है।

प्रश्न 7. भारतीय पुरातत्व का जनक किसे कहा जाता है ?

उत्तर– अलेक्जैंण्डर कनिंघम को भारतीय पुरातत्व का जनक कहा जाता है।

CBEO BHINDER

प्रश्न 8. भारतीय पुरातात्विक सर्वेक्षण के प्रथम जनरल कौन थे ?

उत्तर– भारतीय पुरातात्विक सर्वेक्षण के प्रथम जनरल अलेक्जैंण्डर कनिंघम थे।

प्रश्न 9. किन दो स्थलों की पूरी बस्तियाँ किलेबन्द थी ?

उत्तर– गुजरात के धोलावीरा और लोथल, दोनों स्थलों की बस्तियाँ पूरी तरह किलेबन्द थी।

प्रश्न 10. विद्वानों के अनुमान के अनुसार मोहनजोदडो में कितने कुए थे ?

उत्तर– विद्वानों के अनुमान के अनुसार मोहनजोदडो में 700 कुएं थे।

प्रश्न 11. 'मृतकों का टीला' किसे कहा जाता है ?

उत्तर– मोहनजोदडो को 'मृतकों का टीला' कहा जाता है।

प्रश्न 12. 'फयान्स' क्या था ?

उत्तर– 'फयान्स' घिसी हुई रेत अथवा बालू तथा रंग और चिपचिपे पदार्थ के मिश्रण को पकाकर बनाया गया पदार्थ था। इससे संभवतः छोटे छोटे मंहगे बर्तन बनाए जाते थे।

प्रश्न 13. पुरातत्वविद सामाजिक आर्थिक भिन्नताओं का पता कैसे लगाते हैं ?

उत्तर– पुरातत्वविद रोजमर्रा की वस्तुएँ व भोग विलास की वस्तुओं की प्राप्ति के आधार पर सामाजिक आर्थिक भिन्नताओं का पता लगाते हैं।

प्रश्न 14. हडप्पा तथा मोहनजोदडो वर्तमान में किस देश में स्थित हैं ?

उत्तर– हडप्पा तथा मोहनजोदडो वर्तमान में पाकिस्तान में स्थित हैं।

CBSE BHINDER

प्रश्न 15. पुरातत्वविद 'संस्कृति' शब्द का प्रयोग किसके लिए करते हैं ?

उत्तर– पुरातत्वविद 'संस्कृति' शब्द का प्रयोग पुरावस्तुओं के ऐसे समूह के लिए करते हैं जो एक विशिष्ट शैली के होते हैं और सामान्यतया एक साथ, एक विशेष भौगोलिक क्षेत्र तथा एक कालखण्ड से संबंध पाए जाते हैं।

प्रश्न 16. सिंधु घाटी सभ्यता में कृषि प्रौद्योगिकी पर टिप्पणी कीजिए।

उत्तर– पक्की मिट्टी से बने वृषभ के प्राप्त होने से पुरातत्वविद यह मानते हैं कि खेत जोतने के लिए बैलों का प्रयोग होता था। साथ ही चोलिस्तान के कई स्थलों तथा बनावली (हरियाणा) से मिट्टी से बने हल के प्रतिरूप मिलने से भी यह स्पष्ट होता है कि बैलों द्वारा खेती होती थी।

प्रश्न 17. कालीबंगा (सिंध, घाटी सभ्यता का एक स्थल) पर टिप्पणी लिखिए।

उत्तर– कालीबंगा (हनुमानगढ,राजस्थान) में जुते हुए खेत के प्रमाण मिले हैं जो आरंभिक हडप्पा स्तर से संबंधित है। यहाँ खेत में हल रेखाओं के दो समूह एक–दूसरे को समकोण पर काटते हुए है जो यह दर्शाते हैं कि एक साथ दो अलग–अलग फसलें उगाई जाती थी।

प्रश्न 18. आरंभिक हडप्पा सभ्यता के लोगों के निर्वाह के तरिके किस प्रकार थे ?

उत्तर– आरंभिक हडप्पा सभ्यता के लोग कई प्रकार के पेड–पौधो से प्राप्त उत्पाद और जानवरों जिनमें मछली भी शामिल है, इनसे भोजन करते थे। भेड,बकरी,भैंस,गाय और सूअर इनके पालतू पशु थे। जंगली सूअर, हिरण तथा घडियाल की हड्डियाँ प्राप्त हुई है, जिससे यह अंदाज लगाया जा सकता है कि इन पशुओं का मांस इनके भोजन का हिस्सा होता होगा।

प्रश्न 19. मोहनजोदडो के आवासीय भवनों के बारें में लिखिए।

उत्तर– मोहनजोदडो के निचले शहर के आवासीय भवनों में कई एक आँगन पर केंद्रित थे जिसके चारों ओर कमरे बने थे। संभवतः आँगन गर्मी के मौसम में खाना पकाने और कताई करने जैसी गतिविधियों का केन्द्र था। यहाँ के लोग एकान्त को भी महत्व देते थे क्यों कि भूमितल पर बनी दिवारों में खिडकियाँ नहीं हैं,और न ही यहाँ के भवनों में बाहर से सीधा देखा जा सकता था। हर घर में ईंटों के फर्श से बना एक स्नानाघर होता था।

प्रश्न 20. सिंधुघाटी सभ्यता की जल निकास प्रणाली किस प्रकार थी ?

उत्तर– सिंधुघाटी सभ्यता के शहरों की सबसे अनुठी विशिष्टताओं में से एक ध्यानपूर्वक सुनियोजित जल निकास प्रणाली थी। सडकों तथा गलियों को लगभग एक ग्रिड पद्धति से बनाया गया था और ये एक दूसरे को समकोण पर काटती थी। ऐसा लगता है कि पहले गलियों के साथ नालियों को भी बना लिया गया और फिर उनके अगल–बगल आवासों का निर्माण किया गया ताकि घरों से निकलने वाला गन्दा पानी किसी भी तरह से अवरुद्ध न हो।

GEO BHINDER

प्रश्न 21. मनकों में छेद करने वाले उपकरण किन–किन स्थानों पर मिले हैं ?

उत्तर – चन्हुदड़ों , लोथल और धोलावीरा में ।

प्रश्न 22. मोहनजोदड़ों नगर का विस्तार कितना था ?

उत्तर – 125 हेक्टेयर में ।

प्रश्न 23. चन्हुदड़ों नगर का विस्तार कितना था ?

उत्तर – 7 हेक्टेयर में ।

प्रश्न 24. नागेश्वर और बालाकोट कहाँ स्थित हैं ?

उत्तर – समुद्र तट के समीप ।

प्रश्न 25. धोलावीरा भारत के किस राज्य में स्थित हैं ?

उत्तर – गुजरात में ।

प्रश्न 26. शंख से शिल्प की वस्तुएँ बनाने के दो प्रमुख केन्द्र कौन–कौनसे थे ?

उत्तर – (1) नागेश्वर (2) बालाकोट ।

प्रश्न 27. हड़प्पा सभ्यता के सबसे लम्बे अभिलेख में कितने चिन्ह हैं ?

उत्तर –लगभग 26 चिन्ह ।

प्रश्न 28. हड़प्पाई बाट किस पत्थर से बनाये जाते थे ?

उत्तर – चर्ट नामक पत्थर से ।

प्रश्न 29. हड़प्पा लिपि को रहस्यमय क्यों कहा गया हैं ?

उत्तर – यह लिपि आज तक पढ़ी नहीं जा सकी हैं ।

प्रश्न 30. खेतड़ी क्षेत्र में मिले साक्ष्यों को पुरातत्वविदों ने क्या नाम दिया है ?

उत्तर – गणेश्वर – जोधपुरा संस्कृति ।

प्रश्न 31. हड़प्पा सभ्यता के प्रमुख शिल्प कार्य कौन–कौनसे थे ?

उत्तर – मनके बनाना , शंख की कटाई , धातुकर्म , मुहरे बनाना , बाट बनाना , आदि ।

प्रश्न 32. चन्हुदड़ों क्यों प्रसिद्ध था ?

उत्तर – चन्हुदड़ों मनको के निर्माण के लिए प्रसिद्ध था।

प्रश्न 33. हडप्पाई सभ्यता में बाटों का मानदण्ड क्या था ?

उत्तर – बाटों के निचले मानदण्ड द्विआधारी (1,2,4,8,16,32 आदि) तथा ऊपरी मानदण्ड दशमलव प्रणाली का अनुसरण करते थे ।

प्रश्न 34. मुहरों और मुद्रांकनों का प्रयोग किस कार्य के लिए होता था ?

उत्तर – लम्बी दूरी के सम्पर्कों को सुविधाजनक बनाने के लिए मुहरों और मुद्रांकन का प्रयोग होता था ।

प्रश्न–35. उत्तर हडप्पा अथवा अनुवर्ती सस्कृतियॉ किसे कहा गया!

उत्तर–पुरावस्तुएँ तथा बस्तियॉ हडप्पाई संस्कृतियों में एक ग्रामीण जीवनशैली की ओर संकेत करती हैं। इन संस्कृतियों को ''उत्तर हड़प्पा'' अथवा ''अनुवर्ती संस्कृतियाँ'' कहा गया।

प्रश्न–36.हडप्पाई बस्तियों के अन्त होने के क्या कारण हो सकते है।
उत्तर– जलवायु परिवर्तन, वनों की कटाई, अत्यधिक बाढ़, नदियों का सूख जाना और/या मार्ग बदल लेना तथा भूमि का अत्यधिक उपयोग सम्मिलित हैं।

प्रश्न–37. भारतीय पुरातात्विक सर्वेक्षण के पहले डायरेक्टर जनरल का नाम बताइयें।

उत्तर–कनिंघम

प्रश्न–38.उन्नीसवीं शताब्दी के मध्य में पुरातत्वविद अपने अन्वेषणों के मार्गदर्शन के लिए प्रयोग करना पसन्द करते थे।
उत्तर–लिखित स्त्रोतों;साहित्य तथा अभिलेख का प्रयोग अधिक पसंद करते थे।

प्रश्न–39. कनिघम ने आरंभिक बस्तियों की पहचान के लिए कौनसे वृतांतों का प्रयोग किया।
उत्तर–उन्होंने चौथी से सातवीं शताब्दी ईसवी के बीच उपमहाद्वीप में आए चीनी बौद्व तीर्थयात्रियां द्वारा छोड़े गए वृतांतों का प्रयोग किया

प्रश्न–40.पूरे विश्व के समक्ष सिंधु घाटी में एक नवीन सभ्यता की खोज की घोषणा कब व किसने की।

CBEO BHINDER

उत्तर–1924 में भारतीय पुरातात्विक सर्वेक्षण के डायरेक्टर जनरल जॉन मार्शल ने पूरे विश्व के समक्ष सिंधु घाटी में एक नवीन सभ्यता की खोज की घोषणा की।

प्रश्न–41.द स्टोरी ऑफ इंडियन आर्कियोलॉजी के लेखक कौन है।
उत्तर–एस.एन. राव

प्रश्न–42.हड़प्पाई पुरावस्तुओं में असाधारण एकरूपता का उदाहरण दीजिए।

उत्तर– हड़प्पाई पुरावस्तुओं में असाधारण एकरूपता को ही लें, जैसा कि मृदभाण्डो मुहरों, बाटों तथा ईंटों से स्पष्ट है। महत्वपूर्ण बात यह है कि ईंटें, जिनका उत्पादन स्पष्ट रूप से किसी एक केन्द्र पर नहीं होता था, जम्मू से गुजरात तक पूरे क्षेत्र में समान अनुपात की थीं।

प्रश्न–43. हडप्पाई सभ्यता के पतन होने के क्या कारण हो सकते है।
उत्तर–सुदृढ़ एकीकरण के तत्व, संभवतः हड़प्पाई राज्य, का अंत हो गया था। मुहरों, लिपि, विशिष्ट मनकों तथा मृदभाण्डों के लोप, मानकीकृत बाट प्रणाली वेफ स्थान पर स्थानीय बाटों के प्रयोग शहरों के पतन तथा परित्याग जैसे परिवर्तनों से इस तर्क को बल मिलता है।

प्रश्न–44.पुरातत्व के अन्वेषण के लिये कौन –कौनसी आधुनिक वैज्ञानिक तकनीको का प्रयोग किया जाता है।"
उत्तर–वे आधुनिक वैज्ञानिक तकनीकों का प्रयोग करते हैं जिनमें मिट्टी, पत्थर, धातु की वस्तुएँ तथा वनस्पति और जानवरों के अवशेष प्राप्त करने हेतु सतह का अन्वेषण और साथ ही उपलब्ध साक्ष्य के हर सूक्ष्म टुकड़े का विश्लेषण सम्मिलित है।

प्रश्न–45. पुरातत्वविदों को हड़प्पाई जीवन को ठीक प्रकार से पुनर्निर्मित करने सहायक भौतिक साक्ष्य कौन– कौनसे है।
उत्तर–ये भौतिक साक्ष्य हैं – मृदभाण्ड, औजार, आभूषण, घरेलू सामान। कपड़ा, चमड़ा, लकड़ी तथा सरकडे जैसे जैविक पदार्थ सामान्यतः सड़ जाते हैं, विशेष रूप से ऊष्णकटिबंधीय क्षेत्राों में। जो वस्तुएँ बच जाती हैं वे हैं पत्थर, पकी मिट्ट्ी तथा धातु।

प्रश्न'–46 पुरातत्वविद अपनी खोजों को वर्गीकृत किस प्रकार करते हैं।

उत्तर– वर्गीकरण का एकसामान्य सिद्वांत प्रयुक्त पदार्थों जैसे–पत्थर, मि'ट्टी, धातु, अस्थि, हाथीदाँत आदि के संबंध में होता है। दूसरा, और अधिक जटिल, उनकी उपयोगिता के आधार पर होता है : पुरातत्वविदों को यह तय करना पड़ता है कि उदाहरणतः कोई पुरावस्तु एक औजार है या एक आभूषण है या फिर दोनों अथवा आनुष्ठानिक प्रयोग की

कोई वस्तु।

प्रश्न–47.हड़प्पाई समाज में जटिल फैसले लेने और उन्हें कार्यान्वित करने के किस तरह के संकेत मिलते हैं।

उत्तर–कुछ पुरातत्वविद इस मत के हैं कि हड़प्पाई समाज में शासक नहीं थे तथा सभी की सामाजिक स्थिति समान थी। दूसरे पुरातत्वविद यह मानते हैं कि यहाँ कोई एक नहीं बल्कि कई शासक थे जैसे मोहनजोदड़ो, हड़प्पा आदि के अपने अलग–अलग राजा होते थे। कुछ और यह तर्कदेते हैं कि यह एक ही राज्य था जैसा कि पुरावस्तुओं में समानताओंनियोजित बस्तियों के साक्ष्यों, ईंटों के आकार में निश्चित अनुपात, तथा बस्तियों के कच्चे–माल के स्त्रोतों के समीप संस्थापित होने से स्पष्ट है।

अभी तक की स्थिति में अंतिम परिकल्पना सबसे युक्तिसंगत प्रतीत होती है क्योंकि यह कदाचित् संभव नहीं लगता कि पूरे के पूरे समुदायों द्वारा इकट्ठे ऐसे जटिल निणय लिए तथा कार्यान्वित किए जाते होंगे।

## अध्याय – 2 राजा ,किसान और नगर

(बदलता हुआ देहात , नगर एवं व्यापार , मूल बातें , अभिलेख साक्ष्य की सीमा)

प्र• 1 जातक कथाएं कौनसी भाषा में लिखी गई है ?

उत्तर पाली भाषा में ।

प्र• 2 किस जातक में कुटिल राजा का वर्णन है ?

उत्तर गंदतिन्दु ।

प्र• 3 उपज बढाने हेतु सिंचाई के क्या साधन थे ?

उत्तर कुएं , तालाब और नहरें ।

प्र• 4 गहपति किन्हें कहा गया है ?

उत्तर छोटे किसानों और जमींदारों को ।

प्र• 5 बडे जमींदार के लिए कौनसा शब्द प्रयुक्त होता था ?

उत्तर वेल्लावर ।

CBEO BHINDER

प्र• 6 उत्तरी कृष्ण मार्जित पात्र किन्हें कहा गया हैं ?

उत्तर उत्कृष्ट श्रेणी के मिट्टी के कटोरें और थालियां जिन पर चमकदार कलाई चढी हो ।

प्र• 7 श्रेणी किसे कहा गया है ?

उत्तर उत्पादकों एवं व्यापारियों के संघ को ।

प्र• 8 सोने के सिक्के सबसे पहले किसने जारी किये थे ?

उत्तर कुषाण राजाओं ने ।

प्र• 9 आधुनिक भारतीय भाषाओं की मूल लिपि कौनसी है ?

उत्तर ब्राह्मी लिपि ।

प्र• 10 ब्राह्मी लिपि का का सबसे पहले अर्थ किसने व कब निकाला ?

उत्तर जेम्स प्रिंसेप ने 1838 में ।

प्र• 11 असोक ने कौन सी दो उपाधियों का प्रयोग किया ?

उत्तर देवानांपिय व पियदस्सी ।

प्र• 12 आरंभिक भारत का सबसे प्रसिद्ध ग्रन्थ कौनसा है ?

उत्तर प्रसिद्ध विधि ग्रन्थ 'मनुस्मृति'

प्र• 13 शासकों की प्रतिमा और नाम के सिक्के सर्वप्रथम किस राजवंश के राजाओं ने जारी किये थे ?

उत्तर हिन्द–युनानी शासकों ने ।

प्र• 14 आरम्भिक भारत की सबसे महत्त्वपूर्ण शासिका कौन थी ?

उत्तर प्रभावती गुप्त ।

प्र• 15 रोमन साम्राज्य को किन –किन वस्तुओं का निर्यात किया जाता था ?

उत्तर काली मिर्च , कपडे तथा जडी बूटियां ।

प्र• 16 आहत सिक्के किसे कहते है ?

CBEO BHINDER

उत्तर इन सिक्कों पर प्रतीकों को आहत करके बनाया जाता है ।

**प्रश्न 17. महापाषाण से आप क्या समझते है ६**

**उत्तर ;1. ई. पू. प्रथम सहस्त्राब्दी के दौरान मध्य और दक्षिण भारत में पाए जाने वाले पत्थरों के बड़े बड़े ढाँचे हैं।**

**2. इन्हें कब्रगाहों के ऊपर रखा जाता था।**

**3. शवों के साथ विभिन्न प्रकार के लोहे के उपकरण और औजारों को दफनाया जाता था।**

**प्रश्नः.18. छठी शताब्दी ई. पू. को प्रारंभिक भारतीय इतिहास में एक महत्वपूर्ण परिवर्तनकारी काल क्यों कहा जाता था ।**

**उत्तरः. ;1. इस काल को प्रायः आरंभिक राज्योंए लोहे के बढ़ते प्रयोग और सिक्कों के साथ जोड़ा जाता है।**

**2. इसी काल में बौद्ध और जैन सहित विभिन्न दार्शनिक विचारधाराओं का उदय हुआ।**

**प्रश्न. 19. धम्म महामात्त कौन थे ।**

**उत्तर. 1. सम्राट असोक द्वारा नियुक्त विशेष अधिकारी।**

**2. धम्म के प्रचार के लिए इनकी नियुक्ति की गई थी।**

**प्रश्नः.20. मौयों के बारे में जानने के लिए कोई दो स्रोतों के नाम लिखिए ।**

CBEO BHINDER

**उत्तर. 1. कौटिल्य का अर्थशास्त्र**

**2. मेगस्थनीज का विवरण इंडिका ।**

**3. असोक के अभिलेख**

**प्रश्नः.21. कुषाण कौन थे ।**

**उत्तरः. 1. चीन में रहने वाले एक कबायली जाति।**

**2. मध्य एशिया से लेकर पश्चिमोत्तर भारत तक एक विशाल साम्राज्य पर शासन**

**3. भारत में सोने के सिक्के सबसे पहले कुषाणों ने जारी किए थे।**

**प्रश्नः.22. असोक के अभिलेख किन किन भाषाओं व लिपियों में लिखे जाते थे ।**

**उत्तर . अशोक के अभिलेख प्राकृत भाषा व ब्राहमी तथा खरोष्ठी लिपि में तथा पश्चिमोत्तर के अभिलेख यूनानी व अरामाईक भाषा में लिखे गए हैं।**

**प्रश्नः.23. मगध के एक शक्तिशाली राज्य के रूप में उदय के कारणों की चर्चा कीजिए ।**

**उत्तर 1. महत्वाकांक्षी शासक जैसे बिम्बिसार, अजातशत्रु, महापद्मनन्द ।**

**2. लोहे की खाने**

**3. उपजाऊ मिट्टी**

CBEO BHIND

4. **जंगली क्षेत्रों में हाथी उपलब्ध थे, जो सेना का महत्वपूर्ण अंग था।**

5. **दो राजधानियाँ थीं। राजगृह किले बंद शहर था। पाटली पुत्र गंगा के किनारे बसी हुई थी।**

**प्रश्नः.24. महाजनपदों की प्रमुख पाँच विशेषताओं की व्याख्या कीजिए ।**

**उत्तरः. 1. अधिकांश महाजनपदों पर राजा का शासन होता था, लेकिन गण और संघ के नाम से प्रसिद्ध राज्यों में कई लोगों का समूह का शासन था।**

2 **प्रत्येक महाजनपदों की एक किलेबंद राजधानी होती थी।**

3 **स्थायी सेना जिन्हें प्रायः कृषक वर्ग से नियुक्त किया जाता था और नियमित नौकरशाही ।**

4 **धर्मशास्त्र में शासक सहित अन्य के लिए नियमों का निर्धारण, राजा क्षत्रिय वर्ग से**

5 **शासकों का काम किसानों, व्यापारियों और शिल्पकारों से कर वसूलना था।**

**प्रश्न 25. अशोक के धम्म के बारे में लिखे ।**

**उत्तर. अशोक द्वारा अपनी प्रजा के नैतिक उत्थान के लिए जिन आचारों की संहिता लागू की गई धम्म कहलाता है।**

**धम्म के प्रमुख सिद्धांत.**

1. **बड़ों का आदर करना**

CBEO BHINDER

2. **सन्यासियों और ब्राह्मणों के प्रति उदारता**

3. **सेवकों और दासों के साथ उदार व्यवहार**

4. **दूसरे के धर्मों और परंपराओं का आदर**

5. **धम्म महामात्त की नियुक्ति**

**प्रश्नः. 26. छठी शताब्दी ई. पू. से छठी शताब्दी ई. तक कृषि क्षेत्र में हुए मुख्य परिवर्तनों का उल्लेख कीजिए ।**

**उत्तरः. 1. कृषि उत्पादकता को बढ़ाने के लिए लोहे के फाल वाले हल का प्रयोग।**

2. **गंगा की घाटी में धान की रोपाई।**

3. **सिंचाई के लिए कुओं, तालाबों व नहरों का प्रयोग ।**

4. **पंजाब और राजस्थान जैसे अर्धशुष्क जमीनवाले क्षेत्रों में खेती के लिए कुदाल का प्रयोग**

5. **उपज बढ़ने से साधनों पर नियंत्रण के कारण बड़े बड़े जमींदार और ग्राम प्रधान अधिक शक्तिशाली और किसानों पर नियंत्रण**

6. **शासक वर्ग भूमिदान के द्वारा कृषि को नए क्षेत्रों में प्रोत्साहित करने की नीति को अपनाया।**

**प्रश्नः.27. इतिहास की पुनः निर्माण में अभिलेख किस तरह सहायता करते हैं ।**

CBEO BHINDER

**उत्तर. 1. शासकों एवं उनकी उपलब्धियों के बारे में जानकारी।**

**2. लिपि और भाषा की जानकारी**

**3. भूमिदान और अर्थव्यवस्था के बारे में जानकारी।**

**4. साम्राज्य का विस्तार।**

**5. सामाजिक और धार्मिक जीवन के बारे में जानकारी।**

**प्रश्नः.28. मौर्य प्रशासन की प्रमुख विशेषताएँ क्या थी ।**

**उत्तरः. 1. केन्द्रीय शासन . राजा का नियंत्रण विधायिक, कार्यपालिका, न्यायपालिका, सेना तथा वित्त पर था।**

**2. प्रांतीय शासन . प्रांतीय शासन कई प्रांतों में बांट दिया गया था।**

**3. स्थानीय शासन . पाटलीपुत्र नगर का शासन 30 सदस्यों के एक आयोग द्वारा किया जाता था।**

**4. राजा साम्राज्य को उच्च अधिकारियों की सहायता से चलाता था।**

**5. मौर्य साम्राज्य के पाँच प्रमुख राजनैतिक केंद्र थे। पाटलिपुत्र, तक्षशिला, उज्जयिनी, तोसली व सुवर्णगिरी।**

**6. कानून और व्यवस्था. सुदृढ़ कानून व्यवस्था थी।**

**7. संगठित सेना. मेगस्थनीज ने सैनिक गतिविधियों के संचालन के लिए एक समिति और छः उपसमितियों का उल्लेख किया है।**

CBEO BHINDER

8. **धम्म प्रचार के लिए धम्म महामात्त की नियुक्ति ।**

9. **भूमिकर, सिंचाई और सड़कों के प्रबंध के लिए विभिन्न् अधिकारी होते थे।**

10. **गुप्तचर विभाग – गुप्तचर विभाग बहुत सुदृढ़ था।**

**प्रश्नः.29 सैनिक गतिविधियों के संचालन के लिए नियुक्त उपसमितियों की भूमिका की व्याख्या कीजिए ।**

**उत्तर. 1 सैनिक गतिविधियों के संचालन के लिए एक समिति और छः उपसमिति का उल्लेख मेगस्थनिज ने किया है। इन उपसमिति का काम नौसेनाए यातायात और खानपान, पैदल सेना, अश्वारोही, रथारोहियों और हाथियों का संचालन करना था।**

**2 दूसरी समिति का दायित्व विभिन्न प्रकार का था उपकरणों को ढ़ोने के लिए बैलगाड़ियों की व्यवस्था, सैनिकों के लिए भोजन, जानवरों के लिए चारे की व्यवस्था तथा सैनिकों के देखभाल के लिए सेवकों और शिल्पकारों की नियुक्ति करना**

**प्रश्नः.30 असोक ने अपने साम्राज्य को एकजुट रखने के लिए क्या किया ।**

**उत्तरः. 1 असोक ने धम्म के प्रचार के द्वारा अपने साम्राज्य को एकजुट रखने की कोशिश की।**

CBEOBHINDER

**2 धम्म के प्रचार के लिए धम्म महामात्त नाम से विशेष अधिकारियों की नियुक्ति की।**

**3. असोक ने अपने साम्राज्य में विभिन्न स्थानों पर शिलालेख लगवा कर नागरिकों को से संपर्क किया।**

**4. असोक ने युद्धनीति का त्याग कर धम्मनीति का अनुसरण किया।**

**5. जनता के लिए कल्याणकारी कार्य किए।**

**प्रश्न.31. जेम्स प्रिंसेप कौन था। उसके शोध कार्य ने भारत के राजनीतिक इतिहास के अध्ययन को किस प्रकार दिशा प्रदान की।**

**उत्तर. 1. जेम्स प्रिंसेप ईस्ट इंडिया कंपनी का एक अधिकारी था। 2. जिसने 1830 के दशक में असोक के प्राचीन शिलालेखों तथा सिक्कों में प्रयोग की गई ब्राह्मी तथा खरोष्ठी लिपियों को पढ़ने में सफलता प्राप्त की।**

**3. अध्ययन से जेम्स प्रिंसेप को ज्ञात हुआ कि अधिकांश अभिलेखों और सिक्कों पर एक राजा पियदस्सी ; मनोहर मुखाकृति वाला का वर्णन है ।**

**4. प्रिंसेप को कुछ ऐसे भी शिलालेख प्राप्त हुए जिसमें सम्राट अशोक का वर्णन था।**

**5. बौद्ध ग्रंथों के अनुसार असोक मौर्य वंश के सर्वाधिक लोकप्रिय शासकों में से एक था ।**

CBEO BHINDER

**6. इस शोध कार्य से प्रारंभिक भारत के राजनीतिक इतिहास के अध्ययन को एक नई दिशा मिली क्योंकि भारतीय और यूरोपीय विद्वानों ने भारतीय उपमहाद्वीप पर शासन करने वाले प्रमुख राजवंशों की वंशावलियों की पुनर्रचना के लिए विभिन्न भाषाओं के अभिलेखों और ग्रंथों का उपयोग किया।**

**7. परिणाम स्वरूप बीसवीं शताब्दी के आरंभ तक भारत के इतिहास की राजनीतिक रूप रेखा स्पष्ट होकर हमारे समक्ष आयी।**

## अध्याय 3 बन्धुत्व, जाति तथा वर्ग

प्रश्न सं. 1– वन क्षेत्रो में कृषि का विस्तार हाने से वहां रहने वाले लोगों की जीवन शैली मे परिवर्तन कब हुआ ?

उत्तर – **600** ई पू से **600** ईस्वी के मध्य ।

प्रश्न सं. 2– शिल्प विशेषज्ञों के एक विशिष्ठ वर्ग का उदय कब हुआ ?

उत्तर – **600** ई पू से **600** ईस्वी के मध्य ।

प्रश्न सं. 3 – एक प्राचीन भारतीय महाकाव्य का नाम बताओं ?

उत्तर – महाभारत

प्रश्न सं. 4 – महाभारत के वर्तमान स्वरूप में कितने श्लोक हैं ?

उत्तर – **100000** एक लाख श्लोकों से अधिक ।

प्रश्न सं. 5 – महाभारत की रचना कितने वर्षो तक होती रही ?

उत्तर – महाभारत की रचना एक हजार वर्षो तक होती रही । ( लगभग **500** ई. पू. से )

प्रश्न सं. 6 – महाभारत की मुख्य कथा में कितने परिवारों के बीच युद्ध का चित्रण हैं ?

उत्तर – महाभारत की मुख्य कथा में दो परिवारों के बीच युद्ध का चित्रण हैं ।

प्रश्न सं. 7 – महाभारत कौनसी भाषा में हैं ?

CBEO BHINDER

उत्तर – संस्कृत

प्रश्न सं. 8 – महाभारत का समालोचनात्मक संस्करण किसके नेतृत्व में तैयार किया गया ?

उत्तर – महाभारत का समालोचनात्मक संस्करण संस्कृत विद्वान वी. एस. सुकथांकर के नेतृत्व में तैयार किया गया ।

प्रश्न सं. 9 – महाभारत का समालोचनात्मक संस्करण तैयार करने की परियोजना में कितने वर्ष लगे ?

उत्तर – महाभारत का समालोचनात्मक संस्करण तैयार करने की परियोजना में 47 वर्ष लगे । ( 1919 से 1968 तक)

प्रश्न सं. 10 – संस्कृत ग्रन्थों में कुल शब्द का प्रयोग किसके लिए हुंआ हैं ?

उत्तर – संस्कृत ग्रन्थों में कुल शब्द का प्रयोग परिवार लिए हुंआ हैं ।

प्रश्न सं. 11 – संस्कृत ग्रन्थों में जाति शब्द का प्रयोग किसके लिए हुंआ हैं ?

उत्तर – संस्कृत ग्रन्थों में जाति शब्द का प्रयोग बांधवो के बडे समूह के लिए हुआ हैं ।

प्रश्न सं. 12 – पितृवंशिकता का क्या अर्थ हैं ?

उत्तर – पितृवंशिकता का अर्थ हैं वह वंश परम्परा जो पिता से पुत्र फिर पौत्र प्रपौत्र आदि से चलती हैं ।

प्रश्न सं. 13 – मातृवंशिकता का क्या अर्थ हैं ?

उत्तर – मातृवंशिकता शब्द का अर्थ हैं वह वंश परम्परा जो माॅ से जुडी हो ।

प्रश्न सं. 14 – महाभारत का युद्ध किन दो दलों के बीच हुआ ?

उत्तर महाभारत का युद्ध कौरव और पाण्डवों के बीच हुआ ।

प्रश्न सं. 15–आरम्भिक भारत की किसी एक रानी का नाम बताओ जिसने सत्ता का उपभोग किया ?

उत्तर – वाकाटक वंश की रानी प्रभावती गुप्त ने

प्रश्न सं. 16–ऋग्वेद में युद्ध शौर्य और वर्षा का प्रमुख देवता कौन थे ?

CBEO BHINDER

उत्तर –ऋग्वेद में युद्ध शौर्य और वर्षा का प्रमुख देवता इन्द्र थे ।

प्रश्न सं. 17– अन्तर्विवाह किसे कहते हैं ?

उत्तर – अन्तर्विवाह में वैवाहिक सम्बन्ध समूह के मध्य ही होते हैं । यह समूह एक गोत्र कुल अथवा एक जाति या फिर एक ही स्थान पर बसने वालों का हो सकता हैं ।

प्रश्न सं. 18– बहिर्विवाह किसे कहते हैं ?

उत्तर – गोत्र से बाहर विवाह को बहिर्विवाह कहते हैं ।

पश्न सं. 19– बहुपत्नी प्रथा किसे कहते हैं ?

उत्तर – एक व्यक्ति की अनेक पत्नियॉ होने की सामाजिक परिपाटी को बहुपत्नी प्रथा कहते हैं ।

प्रश्न सं. 20– बहुपति प्रथा किसे कहते हैं ?

उत्तर – बहुपति प्रथा एक स्त्री के अनेक पति होने की पद्धति हैं

प्रश्न सं. 21– मनुस्मृति का संकलन कब हुआ ?

उत्तर – मनुस्मृति का संकलन 200 ई.पू. से 200 ईस्वी के मध्य हुआ ।

प्रश्न सं. 22– धर्मसूत्र और धर्मशास्त्रों में विवाह के कितने प्रकारों हैं ?

उत्तर – धर्मसूत्र और धर्मशास्त्रों के अनुसार विवाह आठ प्रकार के होते हैं ।

प्रश्न सं. 23– कौनसे उपनिषद में कई लोगों के नाम उनके मातृनामों से निर्दिष्ट किये गये हैं ?

उत्तर – बृहदारण्यक उपनिषद में कई लोगों के नाम उनके मातृनामों से निर्दिष्ट किये गये हैं ।

प्रश्न सं. 24– किस राजवंश के राजाओं को उनके मातृनाम से चिह्नित किया जाता था ?

उत्तर – सातवाहन राजाओं को उनके मातृनाम से चिह्नित किया जाता था ।

प्रश्न सं. 25– सातवाहन राजाओं के सिंहासन का उत्तराधिकार किस प्रकार की वंशिकता से होता था ?

उत्तर – सातवाहन राजाओं के सिंहासन का उत्तराधिकार पितृवंशिकता से होता था ।

CBEO BHINDER

प्र.26. ब्राहाणों द्वारा स्थापित दैवीय व्यवस्था में वर्ण कौन–कौन से थे।

उतर – (1) ब्राहाण (2) क्षत्रिय (3) वैश्य (4) शुद्र

प्र. 27. धर्मशास्त्रों के अनुसार ब्राहाणों की दो आर्दश जीविकाओं बताइए।

उतर – (1) यज्ञ करना व करवाना दान लेना एवं देना (2) अध्ययन एवं वेदों की शिक्षा

प्र. 28. धर्मशास्त्रों के अनुसार क्षत्रियों के किन्हीं दो कार्यो को बताइए।

उतर – (1) युद्ध करना (2) लोगों को सुरक्षा प्रदान करना।

प्र. 29. सुदर्शन झील का जीर्णोद्वार किस शक शासक ने करवाया था।

उतर – रूददामन ने।

प्र. 30. सातवाहन कुल के सबसे प्रसिद्ध शासक का नाम बताओं।

उतर – गोतमी – पुत सिरी सातकनि

प्र. 31. ब्राहाणीय सिद्धान्त में वर्ण की तरह जाति किस पर आधारित थी।

उतर – जन्म पर

प्र. 32. मंदसौर (मध्यप्रदेश) से मिला अभिलेख (लगभग पॉचवी शताब्दी) में किस श्रेणी का वर्णन मिलता हैं।

उतर – रेशम के बुनकरों की एक श्रेणी का

प्र. 33. मृच्छकटिकम नाटक की रचना किसने की।

उतर – शुद्रक ने

प्र. 34. चाण्डाल किसे कहा जाता था।

उतर – शवों की अंत्येष्टि और मृत पशुओं को छूने वाले को

प्र. 35. स्त्रीधन से क्या अभिप्राय हैं।

उतर – विवाह के समय स्त्री को मिले उपहारों पर स्त्री का स्वामित्व माना जाता था जिसे स्त्री धन कहा जाता था।

प्र. 36. मनुस्मृति के अनुसार पुरूषों के लिए धन अर्जित करने के कोई दो तरीके बताइए।

उतर – (1) विरासत (2) कार्य द्वारा

प्र. 37. महाकाव्य काल में सबसे धनी व्यक्ति किस वर्ग के लोग होते थे।

उतर – ब्राहाण व क्षत्रिय वर्ग के।

प्र. 38. मनुस्मृति के अनुसार पुरूष कितने प्रकार से धन का अर्जन कर सकते थे।

उतर – 7

प्र. 39. मनुस्मृति में पैतृक सम्पति पर अधिकार के बारे में क्या बताया गया हैं।

उतर – मनुस्मृति के अनुसार माता–पिता की मृत्यु के पश्चात पैतृक सम्पति का सभी पुत्रों में समान रूप से बॅटवारा किया जाना चाहिए। परन्तु सबसे बड़ा पुत्र एक विशेष भाग का अधिकारी था। स्त्रियां इस पैतृक सम्पति में हिस्सेदारी की मॉग नही कर सकती थी।

प्र. 40. मनुस्मृति के अनुसार स्त्रियों के लिए सम्पति अर्जन के छः तरीके निम्नलिखित हैं।

उतर – मनुस्मृति के अनुसार स्त्रियों के लिए सम्पति अर्जन के छः तरीके निम्नलिखित हैं।

(1) वैवाहिक अग्नि के समक्ष मिली भेंट (2) वधु गमनागमन के समय मिली भेंट

(3) स्नेह के प्रतोक के रूप में मिली भेंट (4) माता–पिता द्वारा दिए गए उपहार

(5) परवर्ती काल में मिली भेंट (6) वह सब कुछ जो उसे अपने अनुरागी पति से प्राप्त हों।

प्र. 41. महाभारत में गांधारी ने अपने ज्येष्ठ पुत्र दुर्योधन को पाण्डवों के विरूद्ध युद्ध न करने की क्या सलाह दी थी। क्या दुर्योधन ने अपनी माता की सलाह मानी थी।

उत्तर– गांधारी ने दुर्योधन को युद्ध न करने की सलाह देते हुए कहा कि युद्ध में कुछ भी ‘शुभ नहीं होता, न धर्म और अर्थ की प्राप्ति होती है और न ही प्रसन्नता की। यह भी आवश्यक नहीं कि युद्ध के अन्त में तुम्हें सफलता मिले। अतः मै तुम्हें सलाह देती हूॅ कि तुम युद्ध करने का विचार त्याग दो। परन्तु दुर्योधन ने अपनी माता गान्धारी की सलाह नहीं मानी।

प्र. 42. महाभारत की भाषा का विवेचन कीजिए।

उत्तर– महाभारत की रचना अनेक भाषाओं में की गई है, परन्तु इसकी मूल भाषा संस्कृत है। परन्तु महाभारत में प्रयुक्त संस्कृत वेदों अथवा प्रशस्तियों की संस्कृत से कहीं अधिक सरल है। अतः यह संभव है कि महाभारत को व्यापक स्तर पर समझा जाता था।

प्र. 43. भगवद्गीता पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

CBEO BHINDER

उत्तर– भगवद्गीता महाभारत का सबसे महत्वपूर्ण उपदेशात्मक अंश है, जहां कुरूक्षेत्र की युद्धभूमि में श्रीकृष्ण अर्जुन को उपदेश देते है। इस ग्रन्थ में 18 अध्याय है। भगवद्गीता में ज्ञान, भक्ति एवं कर्म का समन्वय स्थापित किया गया है। अन्त में श्रीकृष्ण का उपदेश सुनकर अर्जुन अपने बान्धवों के विरूद्ध युद्ध करने के लिए तैयार हो गया। इस युद्ध में पाण्डवों की विजय हुई।

प्र. 44. महाभारत एक गतिशील ग्रन्थ है। व्याख्या कीजिए।

उत्तर– शताब्दियों से इस महाकाव्य के अनेक पाठान्तर अनेक भाषाओं में लिखे गए। अनेक कहानियॉ जिनका उद्भव एक क्षेत्र विशेष में हुआ और जिनका विशेष लोगों में प्रसार हुआ, वे सब इस महाकाव्य में सम्मिलित कर ली गई। इस महाकाव्य के मुख्य कथानक की अनेक पुनर्व्याख्याएं प्रस्तुत की गई। महाभारत के विभिन्न प्रसंगों को मूर्तियों तथा चित्रों में भी दर्शाया गया। इस महाकाव्य ने नाटकों एवं नृत्य कलाओं के लिए भी विषय वस्तु प्रदान की।

## अध्याय–5 यात्रियों के नजरिए

प्रश्न 1– अल बिरूनी की समझ में बाधक अवरोध कौन–कौन से थे ।

उत्तर – अल बिरूनी की समझ में बाधक अवरोध थे – भाषा, धार्मिक अवस्था व प्रथा में भिन्नता तथा अभिमान

प्रश्न 2– भारतीय डाक व्यवस्था की कुशलता का उल्लेख किस विदेशी यात्री ने किया है ।

उत्तर – इब्न–बतूता

प्रश्न 3— इब्न—बतूता के द्वारा वर्णित उन उपजो का नाम बताइए जिनसे उनके पाठक परिचित नहीं थे ।

उत्तर — नारियल और पान

प्रश्न 4— अल बिरूनी ने भारतीय विचारों को समझने के लिए किन कृतियों का उपयोग किया।

उत्तर — वेदों, पुराणों, भगवद्‌गोता, मनुस्मृति, पतंजलि की कृत्तियों आदि का प्रयोग किया।

प्रश्न 5— इब्न—बतूता ने किसी शहर को भारत का सबसे बड़ा शहर कहां है ।

उत्तर — दिल्ली।

प्रश्न 6— भारतीय डाक व्यवस्था का विस्तृत विवरण किसने दिया ।

उत्तर — इब्न—बतूता।

प्रश्न 7— ताराबबाद किसे कहा जाता था ।

उत्तर — दौलतबाद में पुरूष तथा महिला गायकों के लिए एक बाजार होता था, जिसे ताराबबाद कहा जाता था।

प्रश्न 8— इब्न—बतूता ने कितने प्रकार की डाक—व्यवस्था का वर्णन किया है ।

CBEO BHINDER

उत्तर – दो प्रकार की डाक व्यवस्था का वर्णन किया – 1. अश्व डाक व्यवस्था

2. पैदल डाक व्यवस्था

प्रश्न 9– दिल्ली के एक मेहराब का नाम बताइए ।

उत्तर – तुगलकाबाद।

प्रश्न 10– खुरासान के फलों को लाने के लिए किसी डाक व्यवस्था का प्रयोग किया जाता था।

उत्तर – पैदल डाक व्यवस्था का।

प्रश्न 11– इब्न–बतूता के अनुसार दिल्ली शहर में कितने दरवाजे थे । इनमें से सबसे विशाल दरवाजा कौन सा था ।

उत्तर – इब्न–बतूता के अनुसार दिल्ली शहर में 28 दरवाजे थे। 'बदायूं दरवाजा' सबसे विशाल था।

प्रश्न 12– अल बिरूनी के अनुसार फारस में समाज किन चार वर्गों में विभाजित था ।

उत्तर – 1. घुड़सवार और शासक वर्ग

2. भिक्षु, अनुष्ठानिक, पुरोहित तथा चिकित्सक

3. खगोल शास्त्री तथा अन्य वैज्ञानिक

4. कृषक तथा शिल्पकार

प्रश्न 13– 'उलुक' और 'दावा' में अन्तर स्पष्ट कीजिए ।

उत्तर – 'उलुक' – अश्व डाक व्यवस्था थी जो प्रति चार मील की दूरी पर स्थापित घोड़ो द्वारा चलित होती थी।

CBEO BHINDER

'दावा' – पैदल डाक व्यवस्था थी जो प्रति मील तीन अवस्थान होते थे।

प्रश्न 14– अल बिरूनी ने ब्राह्मणवादी व्यवस्था की किस मान्यता को अस्वीकार कर दिया।

उत्तर – अल बिरूनी ने ब्राह्मणवादी व्यवस्था की अपवित्रता की मान्यता को अस्वीकार कर दिया।

प्रश्न 15– पैदल डाक व्यवस्था के प्रति मील तीन अवस्थान होते थे, जिसे क्या कहा जाता था।

उत्तर – 'दावा'

प्रश्न 16– किस डाक व्यवस्था को 'उलुक' कहा जाता था।

उत्तर – अश्व डाक व्यवस्था।

प्रश्न 17– इब्न–बतूता के अनुसार उसे सिंध से दिल्ली की यात्रा में कितने दिन लगे थे।

उत्तर – पचास दिन।

प्रश्न 18– अब्दुर्रज्जाक समरकन्दी नामक यात्री ने किसके यात्रा वृतान्तों को पढ़ा और उससे प्रेरणा ली।

उत्तर – इब्न–बतूता

प्रश्न 19– डाक व्यवस्था के माध्यम से गुप्तचरों की खबरें सुल्तान तक कितने दिनों में पहुँच जाती थी ।

उत्तर – पाँच दिनों में।

प्रश्न 20– इब्न–बतूता के अनुसार महीन मलमल की किस्में इतनी अधिक महँगी थी, उन्हें कौनसे वर्ग के लोग पहना करते थे।

उत्तर – अमीर वर्ग के तथा बहुत धनाढ्य लोग ही पहन सकते थे।

CBEO BHINDER

प्रश्न 21– भारत के उन दो नगरों के नाम लिखित जिनका इब्न–बतूता ने दौरा किया और विश्ववादी संस्कृति पाई ।

उत्तर – दिल्ली और दौलताबाद

प्रश्न 22– इब्न–बतूता के अनुसार अंगूर–लत्ता की तरह किस वृक्ष को उगाया जाता है।

उत्तर – अंगूर–लत्ता की तरह पान के वृक्ष को उगाया जाता है।

प्रश्न 23– दिल्ली को तत्कालीन ग्रंथों में किसी नाम से उद्धृत किया गया था ।

उत्तर – देहली

प्रश्न 24– इब्न–बतूता के अनुसार कौनसा शहर दिल्ली को चुनौती देता था ।

उत्तर – दौलताबाद (महाराष्ट्र)

प्रश्न 25– अल–बिरूनी के अनुसार वर्ण व्यवस्था ने समाज को कितने वर्णों में विभक्त किया और कौन–कौन से नाम लिखिए ।

उत्तर – चार वर्णों में विभक्त किया – ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्व और शुद्र।

प्रश्न 26– अलबरूनी किसके साथ भारत आया था ?

उत्तर – महमूद गजनवी के साथ ।

प्रश्न–27 इब्नतूता किस दे"ा का निवासी था ?

उत्तर – मोरक्को ।

प्रश्न–28 इब्नबतूता ने अपनी यात्रा का विवरण किस भाशा में लिखा था ?

उत्तर – अरबी ।

प्रश्न–29 गुप्तकाल में कौन चीनी यात्री भारत आया था ?

उत्तर – फाह्यान ।

प्रश्न–30 दिल्ली से दौलताबाद किस भाासक ने अपनी राजधानी परिवर्तित की ?

CBEO BHINDER

उत्तर – मुहम्मद तुगलक ।

प्रश्न–31. वास्को–डी–गामा भारत कब पहुंचा ?

उत्तर – 17 मई 1498 ।

प्रश्न– 32. मार्कोपोलो ने तेरहवी भाताब्दी से जिस स्थान से चलकर चीन और भारत की यात्रा की, उसका नाम था?

उत्तर – वेनिस ।

प्रश्न–33. अनेक विदेशी यात्रियों ने भारत की जिन दो चीजों को असामान्य माना है, वे हैं ?

उत्तर – नारियल एवं पान।

प्रश्न–34 अलबरूनी भारत में जिस भाताब्दी मं भारत आया था, वह थी ?

उत्तर – ग्यारहवीं ।

प्रश्न–35. इब्नबतूता की भारत यात्रा को जिस शताब्दी से संबंधित माना जाता है, वह है ?

उत्तर – चौदहवीं ।

प्रश्न–36 फांस्वा बर्नियर जिस देश से भारत आया था, उसका नाम था?

उत्तर – फ्रांस ।

प्रश्न–37. मुहम्मद बिन तुगलक ने दिल्ली का काजी नियुक्त किया था ?

उत्तर – इब्नबतूता को।

प्रश्न–38. मध्य एशिया के रास्ते होकर इब्नबतूता सन् 1333 में स्थल मार्ग से कहां पहुंचा ?

उत्तर – सिंध ।

प्रश्न–39. तहकीक–ए–हिंद में किसका यात्रा वृतांत लिखा है ?

उत्तर – अलबरूनी ।

CBEO BHINDER

प्रश्न–40 मेगास्थनीज कौन था?

उत्तर – राजदूत।

प्रश्न–41 कौनसा फांसीसी यात्री पेशे से एक चिकित्सक था ।

उत्तर फांस्वा बर्नियर

प्रश्न–42 फांस्वा बर्नियर कौन था ।

उत्तर फांस का रहने वाला बर्नियर एक चिकित्सक ‚ राजनीतिक दार्शनिक तथा एक इतिहास था ।

प्रश्न–43 कौनसा फांसीसी यात्री भारत में बारह वर्षो तक रहा ।

उत्तर फांस्वा बर्नियर भारत में बारह वर्षो तक रहा ।

प्रश्न–44 फांस्वा बर्नियर भारत में कब तक रहा ।

उत्तर फांस्वा बर्नियर भारत में 1656 ई.से 1668 ई.तक बारह वर्षो भारत में रहा ।

प्रश्न–45 कौनसे फांसीसी यात्री ने मुगल शासक दारा शिकोह के चिकित्सक के रुप में सेवाएँ दी ।

उत्तर फांस्वा बर्नियर ने मुगल शासक दारा शिकोह के चिकित्सक के रुप में सेवाएँ दी

प्रश्न–46 बर्नियर के ग्रंथ का नाम बताइए ।

उत्तर बर्नियर के ग्रंथ का नाम' ट्रेवल्स इन द मुगल एम्पायर'हैं ।

प्रश्न–47 किस फांसीसी यात्री ने राजकीय स्वामित्व को राज्य और उनके निवासियों दोनो के लिये हानिकारक माना ।

उत्तर फांसीसी यात्री बर्नियर ने राजकीय स्वामित्व को राज्य और उनके निवासियों दोनो के लिये हानिकारक माना ।

प्रश्न–48 किस इतिहासकार ने राजकीय कारखानों की कार्य प्रणाली का विस्तृत विवरण प्रदान किया हैं।

उत्तर फांस्वा बर्नियर ने राजकीय कारखानों की कार्य प्रणाली का विस्तृत विवरण प्रदान किया हैं।

प्रश्न–49 मुहम्मद बिन तुगलक ने किसे 'एक लाख तके (मुद्रा) तथा दो सौ दास दिय।

उत्तर मुहम्मद बिन तुगलक ने नसीरुद्दीन नामक धर्मो पदेशक से प्रसन्न होकर उसे ' 'एक लाख तके (मुद्रा) तथा दो सौ दास प्रदान किए ।

प्रश्न–50 किस फांसीसी यात्री ने सती प्रथा का विस्तृत विवरण प्रदान किया ।

उत्तर फांसीसी यात्री फांस्वा बर्नियर ने सती प्रथा का विस्तृत विवरण प्रदान किया।

प्रश्न–51 किस फांसीसी यात्री का मानना था कि भारत में मध्य की स्थिति के लोग नहीं हैं।

उत्तर यात्री का मानना था कि भारत में सबसे अमीरों व सबसे गरीबो के मध्य की स्थिति के लोग नहीं हैं।

प्रश्न–52 कौनसा फांसीसी यात्री भूमि के निजी स्वामित्व का समर्थक था।

उत्तर फांस्वा बर्नियर भूमि के निजी स्वामित्व का समर्थक था।

लघुरात्मक प्रश्नोत्तर

प्रश्न 1– अल–बिरूनी की समझ में बाधक 'अवरोधों' की चर्चा कीजिए ।

उत्तर – पहला अवरोध भाग – संस्कृत, अरबी और फारसी से इतनी भिन्न थी कि विचारों और सिद्धान्तों को एक भाषा से दूसरी में अनुवाद करना सरल नही था।

दुसरा अवरोध धार्मिक अवस्था व प्रथाएँ – भारत में विभिन्न धार्मिक विश्वास व प्रथाएँ प्रचलित थी जिन्हें समझनें के लिए उसे वेदों व ब्राह्मण ग्रन्थों का सहारा लेना पड़ा।

तीसरा अवरोध अभिमान – इन समस्याओं की जानकारी होने पर भी, अल–बिरूनी पूरी तरह से ब्राह्मणों द्वारा रचित कृतियों पर आश्रित रहा।

प्रश्न 2— अल—बिरूनी ने ब्राह्मणवादी व्यवस्था की अपवित्रता की मान्यता को क्यों अस्वीकार कर दिया ? क्या जाति व्यवस्था का पालन पूर्ण कठौरता से किया जाता था ।

उत्तर — अल—बिरूनी ने जाति व्यवस्था के सम्बन्ध में जो भी विवरण दिया है वह पूर्णतया संस्कृत ग्रन्थों के अध्ययन से प्रभावित है। इन ग्रन्थों में ब्राह्मणवादी जाति व्यवस्था को संचालित करने हेतु नियमों को प्रतिपादित किया था लेकिन वास्तविक जीवन में यह व्यवस्था इतनी कड़ी नहीं थी। उदाहरण हेतु, अंत्यज नामक श्रेणियों के लोग किसानों और जमीदारों द्वारा सामाजिक प्रताड़ता का शिकार होते थे लेकिन ये आर्थिक तंत्र से शामिल होते थे।

अल—बिरूनी ने ब्राह्मणवादी मान्यता को अस्वीकार किया वह लिखता है कि — वह वस्तु जो अपवित्र हो जाती है, अपनी पवित्रता को पाने का प्रयास करती है और सफल भी होती है।

प्रश्न 3— अल—बिरूनी के अनुसार वर्ण व्यवस्था का उल्लेख कीजिए ।

उत्तर — अल—बिरूनी के वर्ण व्यवस्था का उल्लेख किया ह उसने सबसे उच्च जाति ब्राह्मणों की जो ब्रह्म के सिर से उत्पन्न हुए थे और क्षत्रिय जिनका सृजन ब्रह्म के कंधो और हाथो से हुआ था। उनके पश्चात वैश्य आते है जिनका उद्भव ब्रह्मा की जंधाओ से हुआ था अन्त में शूद्र जिनका सृजन उनके चरणों से हुआ था।

प्रश्न 4— इब्नबतूता ने भारतीय शहरों के सम्बन्ध में जा लिखा है उस पर प्रकाश डालिए।

उत्तर — इब्नबतूता मोरक्को का निवासी था। वह मुहम्मद बिन तुगलक के शासनकाल में भारत आया था। उसने भारतीय शहरों के बारे में लिखा था कि भारतीय शहर घनी आबादी वाले व समृद्ध है। उसने दिल्ली के सबसे बड़ा व विशाल जनसंख्या वाला शहर बताया। उसने महाराष्ट्र के दौलताबाद शहर को भी आकार मे दिल्ली के समकक्ष बताया। शहरों के बाजार मात्र आर्थिक विनिमय के स्थान नही थे बल्कि सामाजिक व आर्थिक गतिविधियों के केन्द्र भी थे।

CBEOBHINDER

प्रश्न 5– भारतीय ग्रामीण परिवेश (कृषि) तथा व्यापार और वाणिज्य के सम्बन्ध में इब्नबत्ता के वर्णन पर टिप्पणी लिखिए ।

उत्तर – भारतीय शहरों की समृद्धि का आधार भारतीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था थी। शहरो की समृद्धि का सीधा सम्बन्ध कृषि अर्थ व्यवस्था से होता था। इब्नबतूता का यह कथन पूर्णरूपेण सत्य है भारतीय व्यापार और उपजाऊ और उत्पादक थी। व्यापार और आणिज्य के सम्बन्ध में इब्नबतूता ने यहाँ शिल्पकारी की वस्तुएँ तथा सूती कपड़ों, महीन मलमल, सारन, जरी आदि के सम्बन्ध में वर्णन किया है इनकी अन्य देशों में बहुत माँग थी। भारतीय उपमहाद्विप व्यापार तथा वाणिज्य के अन्तर एशियाई तन्त्रों से भली–भाँति जुड़ा हुआ था।

प्रश्न 6– भारतीय संचार प्रणाली के संदर्भ में इब्नबतूता के विवरण का वर्णन कीजिए ।

उत्तर – व्यापारियों को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य विशेष उपाय करता था लगभग सभी व्यापारिक मार्गो पर सराय तथा विश्राम गृह स्थापित किए गए थे। डाक प्रणाली से व्यापारियां के लिए लम्बी दुरी तक सूचना भेजना तथा उधार प्रेषित करना संभव हुआ। संचार प्रणाली इतनी कुशल थी कि जहाँ सिंध से दिल्ली की यात्रा में पचास दिन लगते थे वहीं गुप्तचरों की खबरे सुल्तान तक इस डाक व्यवस्था के माध्यम से मात्र पाँच दिनों में पहुँच जाती थी। यह डाक व्यवस्था दो प्रकार की थी–

(1) अश्व डाक व्यवस्था 'उलुक' हर चार मील पर स्थापित घोड़ो द्वारा चलित।

(2) पैदल डाक व्यवस्था यानि 'दावा' जिसमें प्रति मील तीन अवस्थान।

CBEO BHINDER

**निबन्धात्मक प्रश्न :–**

**प्रश्न 7–** भारतीय उपमहाद्वीप में अल बिरूनी के अनुभवो को वर्णन करते हुए वर्ण व्यवस्था का उल्लेख कीजिए ?

**(प्रश्न संख्या–26, 27, 28, से मिलकर बना है।)**

**प्रश्न 8–** इब्नबतूता ने अपनी भारतीय यात्रा के सम्बन्ध में दिये गये वृतान्त में भारत के सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन के किन–किन बिन्दुओं को उजागर किया है?

**( प्रश्न संख्या–29, 30 से मिलकर बना है।)**

CBEO BHINDER

## अध्याय – 6 भक्ति सूफी परम्पराए

**प्रश्न 1 'कबीर वाणी' की प्रमुख विशेषता क्या है?**

**उत्तर – 1. कबीर बीजक 2. कबीर ग्रन्थावली 3. आदिग्रन्थ साहिब**

**प्रश्न 2 कबीर की उलटबाँसी रचनाएँ क्या है?**

**उत्तर – कबीर की उलटबाँसी उलटी कही उक्तियाँ थी, जिनमें उनके रोजमर्रा के अर्थ को उलट दिया गया।**

**प्रश्न 3 कबीर को भक्तिमार्ग दिखाने वाले गुरू कौन थे?**

**उत्तर – गुरू रामानन्द**

**प्रश्न 4 कबीर को रहस्यवादी अनुभवों को दर्शाने वाली किन्ही दो अभिव्यंजनाओं के नाम लिखों।**

उत्तर – 1 केवल जफुल्या फूल बिन  2 समदरि लागि आगि

प्रश्न 5 कबीर की वाणी किन दो पुस्तको में संकलित है?

उत्तर – 1 कबीर बीजक  2 कबीर ग्रन्थावली

प्रश्न 6 किन्ही चार संतो के नाम लिखो जिनकी वाणी गुरूग्रन्थ साहिब में संकलित है?

उत्तर – 1 बाबा गुरूनानक देव 2 बाबा फरीद 3 कबीर 4 रविदास

प्रश्न 7 बाबा गुरूनानक का जन्म कब व कहा हुआ?

उत्तर – बाबा गुरूनानक का जन्म 1469 में पुजाब के ननकाना गाँव में हुआ।

प्रश्न 8 बाबा गुरूनानक ने कैसी भक्ति का प्रचार किया?

उत्तर – बाबा गुरूनानक ने निर्गुण भक्ति का प्रचार किया।

प्रश्न 9 बाबा गुरूनानक का सेवक कौन था?

उत्तर – बाबा गुरूनानक का सेवक मरदाना रबाब था।

प्रश्न 10 बाबा गुरूनानक का अनुयायी कौन था जिसे बाद में गुरूपद पर आसित किया?

उत्तर – अंगद।

प्रश्न 11 गुरूबानी क्या है?

उत्तर – पाँचवें गुरू अर्जुनदेवजी ने बाबा गुरूनानक तथा उनके चार उत्तराधिकारियों, बाबा फरीद, रविदास

और कबीर की बानी को आदि ग्रन्थ साहिब में संकलित किया, इनको ही ग,रूबानी कहा जाता है।

प्रश्न 12 खालसा पंथ की स्थापना किसने की?

उत्तर – गुरू गोविन्द सिंह ने।

प्रश्न 13 खालसा पंथ के पाँच प्रतीक कौन–कौन से है?

उत्तर – 1 केश 2 कृपाण 3 कच्छा 4 कंघा 5 लोहे का कडा।

प्रश्न 14 सिक्खों के पाँचवें व नवें गुरू कौन थे?

उत्तर – पाँचवें गुरू अर्जुन देवजी व नवें गुरू तेग बहादूर।

CBEO BHINDER

प्रश्न 15 गुरू ग्रन्थ साहिब कौनसी' शताब्दी में रचा गया?

उत्तर – सत्रहवीं भाताब्दी में।

प्रश्न 16 किस सूफी संत की रचनाएँ गुरू ग्रन्थ साहिब में संकलित है?

उत्तर – बाबा फरीद।

प्रश्न 17 मीराबाई कौन थी?

उत्तर – मीराबाई मारवाड के मेडता जिले की एक राजपुत राजकुमारी थी।

प्रश्न 18 मीराबाई के गुरू कौन थे?

उत्तर – मीराबाई के गुरू संत रैदास थे।

प्रश्न 19 शंकरदेव कौन थे?

उत्तर – पन्द्रहवीं भाताब्दी के उत्तरार्द्ध में असम में वैश्णव धर्म के मुख्य प्रचारक थे।

प्रश्न 20 शंकरदेव ने आध्यात्मिक ज्ञान के प्रचार के लिए किसको बढावा दिया?

उत्तर – शंकरदेव ने आध्यात्मिक ज्ञान के प्रचार के लिए सत्र या मठ तथा नामघर जैसे प्रार्थनागृह की स्थापना को बढावा दिया।

प्रश्न 21 शंकरदेव की मुख्य काव्य रचना कौनसी है?

उत्तर – कीर्तनघोष

प्रश्न 22 शंकरदेव के उपदेश किस नाम से संबोधित किये जाते थे? वे किस पर आधारित था?

उत्तर – शंकरदेव के उपदेश भगवती धर्म के नाम से संबोधित किये जाते थे और वे भगवद् गीता व भागवत पुराण पर आधारित थे।

प्रश्न 23 मक्तुबात क्या है?

उत्तर – सूफी संतों द्वारा अपने अनुयायियों और सहयोगियों को लिखे गए पत्रों के संकलन को मक्तुबात कहा जाता है।

प्रश्न 24 'कशफ–उल–महजुब' नामक पुस्तक किसने लिखी?

उत्तर – अली बिन उस्मान हुजवरी ने।

CBEO BHINDER

प्रश्न 25 तजकीरा क्या है? भारत में पहला सूफी तजकीरा कौनसा है व किसने लिखा?

उत्तर – सूफी संतों की जीवनियों का स्मरण तजकिरा कहलाता है। भारत में पहला सूफी तजकिरा 'मीर खुर्द' है व इसे सियार–उल–औलिया ने लिखा।

प्रश्न 26 अमीर खुसरों कौन थे?

उत्तर – अमीर खुसरों (1253–1323) एक महान कवि, संगीतज्ञ तथा भोख निजामुद्दीन औलिया के अनुयायी थे।

प्रश्न 27 शेख मुइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह कहां स्थित है?

उत्तर – अजमेर।

प्रश्न 28 कबीरदासजी किसके शिश्य थे?

उत्तर – रामानन्दजी के।

प्रश्न 29 खाली जगह भरों।

गुरूनानक का संदेश उनके ..................... और .......................... में निहित है। (भजनों, उपदेशों)

प्रश्न 30 कबीर सत्य को किस तरह संबोधित करते है?

उत्तर – कबीरदासजी ने सत्य को वर्णित करने के लिए अनेक परिपाटियों का सहारा लिया। इस्लामी दर्शन की तरह वे इस सत्य को अल्लाह, खुदा, हजरत और पीर कहते है। वेदांत दर्शन से प्रभावित वे सत्यको अलख (अदृश्य), निराकार, ब्रह्मन और आत्मन् कह कर भी संबोधित करते है।

प्रश्न 31. बासवन्ना के अनुयायी क्या कहलाते थे।

उत्तर– वीरशैव व लिंगायत।

प्रश्न 32. दक्षिण के चोल सम्राटों ने किस भक्ति परम्परा का समर्थन किया।

उत्तर– ब्राह्मणीय तथा भक्ति परम्परा।

प्रश्न 33. पद्मावत की रचना किसने की।

उत्तर– मलिक मोहम्मद जायसी।

प्रश्न 34. जिम्मी कौन थे।

CBEO BHINDER

उत्तर– जिम्मी लोग उद्‌घटित धर्मग्रन्थ को मानने वाले थे। वे सरंक्षित श्रेणी के लोग थे। भारत में हिन्दू भी इनमें ‘शामिल थे।

प्रश्न 34. प्रमुख सूफी सिलसिलों के नाम लिखिए।

उत्तर– अधिकतर सूफी वंश उन्हें स्थापित करने वालों के नाम पर पडें। उदाहरणस्वरूप कादरी सिलसिला ‘शेख अब्दुल कादिर जिलानी के नाम पर पडा। कुछ अन्य सिलसिलों का नामकरण उनके जन्म स्थान पर हुआ जैसे चिश्ती नाम मध्य अफगानिस्तान के चिश्ती ‘शहर से लिया गया। दिल्ली सल्तनत के युग में सुहरावर्दी सिलसिले का तथा मुगल काल मे नक्शबन्दी सिलसिले का गठन किया गया।

प्रश्न–35 भक्ति आन्दोलन में महान और लघु परम्पराओं पर टिप्पणी लिखिए।

उत्तर– प्रसिद्ध समाजशास्त्री रेडफील्ड के अनुसार किसान उन कर्मकाण्डों तथा पद्धतियों का अनुसरण करते थे, जिनका समाज के प्रभुत्वशाली वर्ग जैसे– पुरोहित तथा राजा द्वारा पालन किया जाता था। रेडफील्ड ने इन परम्पराओं को महान परम्पराओं की संज्ञा दी। किसान लोग कुछ अन्य लोकाचारों का भी पालन करते थे, जो इस महान परिपाटी से अलग थे। रेडफील्ड ने इन पराम्पराओं को लघु परम्पराओं की संज्ञा दी। इन दोनों परम्पराओं में कुछ परिवर्तन भी हुए।

प्रश्न 36. मध्यकालीन भारत में धार्मिक क्षेत्र मं कौन से नवीन परिवर्तन हुए।

उत्तर– इस युग में नाथ, जोगी तथा सिद्ध आदि धार्मिक नेताओं का प्रभाव बढ रहा था। ये लोग रूढिवादी ब्राह्‌मणीय व्यवस्था के विरोधी थे। इनमें बहुत से लोग शिल्पी समुदाय के थे जिनमें जुलाहे सम्मिलित थे।

अनेक नवीन धार्मिक नेताओं ने वेदों की सत्ता को चुनौती दी और अपने विचार आम लोगों की भाषा में प्रस्तुत किये।

इस युग में दिल्ली सल्तनत की स्थापना हुई जिससे राजपूत राज्यों तथा ब्राह्‌मणों का पराभव हुआ।

इन परिवर्तनों का प्रभाव संस्कृति और धर्म पर भी पडा। इस युग में सूफी मत का उद्‌भव हुआ।

CBEO BHINDER

अध्याय–7 एक साम्राज्य की राजधानीः विजयनगर (लगभग चौदहवीं से सोलहवीं सदी तक)

1. विजयनगर साम्राज्य की स्थापना कब तथा किसने की?

उत्तरः– विजयनगर साम्राज्य की स्थापना हरिहर और बुक्का नामक दो भाइयों ने 1336 ई. में की थी।

2. कौनसा साम्राज्य उत्तर में कृष्णा नदी से लेकर प्रायद्वीप के सुदूर दक्षिण तक फैला हुआ था?

उत्तरः– विजयनगर

3. विजयनगर साम्राज्य पूर्णतया विनष्ट कब हो गया था?

उत्तरः– सत्रहवीं–अठारहवीं शताब्दियों तक

4. 14 वीं से 16वीं शताब्दी के मध्य कौनसा नगर दक्षिण भारत में एक साम्राज्य के रूप में विकसित हुआ?

उत्तरः– विजयनगर

5. हम्पी नाम का प्रादुर्भाव कैसे हआ?

उत्तरः– खण्डित विजयनगर तथा कृष्णा तुंगभद्रा दोआब क्षेत्र के निवासियों की स्मृति में हम्पी नाम रखा गया जिसका आविर्भाव यहॉ की स्थानीय मातृ देवी पम्पा देवी के नाम से हुआ था।

6. हम्पी के भग्नावशेषों की खोज कब व किसने की ?

उत्तरः– सन् 1800 ई. में कॉलिन मेकैन्जी ने की।

7. कॉलिन मैकेन्जी कौन थे?

उत्तरः– कॉलिन मैकेन्जी एक अभियंता, सर्वेक्षक तथा मानचित्रकार थे।

8. हम्पी (विजयनगर) का पहला सर्वेक्षण मानचित्र किसने किसने तैयार किया?

उत्तरः–कॉलिन मैकेन्जी ने।

9. 1815 ई. में भारत का पहला सर्वेयर जनरल किसे बनाया गया?

उत्तरः–कॉलिन मैकेन्जी को।

10. कॉलिन मैकेन्जी की मृत्यु कब हुई?

उत्तरः– 1821 ई. में।

11. विजयनगर शासकों के समकालीन राजाओं के नाम बताइए।

उत्तरः– दक्कन के सुलतान तथा उड़ीसा के गजपति शासक

12. कर्नाटक साम्राज्य शब्द का प्रयोग किसके लिए किया गया?

उत्तरः—विजयनगर साम्राज्य के लिए।

13. गजपति का शाब्दिक अर्थ बताइए।

उत्तरः—हाथियों का स्वामी।

14. वृहद्धेश्वर मंदिर कहां स्थित है?

उत्तरः—तंजावुर में।

15. चन्नकेशव मंदिर कहां स्थित है?

उत्तरः—बेलूर में।

16. विजयनगर के शासक अपने आप को क्या कहते थे?

उत्तरः—राय।

17. व्यापारियों के स्थानीय समूह को क्या कहा जाता था?

उत्तरः—कुदिरई, चेट्टी अथवा धोड़ो के व्यापारी कहा जाता था।

18. विजयनगर साम्राज्य किन बाजारों के लिए प्रसिद्ध था?

उत्तरः—मसालों, वस्त्रों, रत्नों के अपने बाजारों के लिए।

19. विजयनगर पर शासन करने वाला प्रथम वंश कौनसा था?

उत्तरः—संगमवंश।

20. विजयनगर साम्राज्य पर शासन करने वाले वंशों के नाम बताइए।

उत्तरः—विजयनगर साम्राज्य पर कुल चार वंशों ने शासन कियाः—

1. संगम वंश
2. सुलुव वंश
3. तुलुव वंश
4. अशविदु वंश

21. संगम वंश ने सत्ता पर नियंत्रण कब तक बनाए रखा?

उत्तरः— 1485 ई. तक।

22. संगम वंश को किसने उखाड़ फेंका?

उत्तरः—सुलुव वंश ने।

23. विजयनगर के सबसे प्रसिद्ध शासक का नाम बताइए।

उत्तरः— कृष्णदेव राय।

24. कृष्णदेव राय किस वंश से संबंधित थे?

उत्तरः—तुलुव वंश।

25. दक्षिण भारत के मंदिरों में भव्य गोपुरमों को जोडने का श्रेय किस शासक को दिया जाता है?

उत्तरः—कृष्ण देव राय।

26. कृष्णदेव राय ने अपनी मॉ के नाम पर विजयनगर के समीप किस उपनगरकी स्थापना की थी?

उत्तरः—नगलपुरम्

27. राक्षसी—तांगडी (तालीकोटा) का युद्ध कब व किनके मध्य हुआ?

उत्तरः—राक्षसी—तांगडी (तालीकोटा) का युद्ध 1565 ई. में विजयनगर तथा बीजापुर, गोलकंडा व

अहमदनगर की संयुक्त सेनाओं के मध्य हुआ जिसमें विजयनगर की हार हुई।

28. विजयनगर ने राक्षसी—तांगडी (तालीकोटा) का युद्ध अपने किस प्रधानमन्त्री के नेतृत्व में लड़ा?

उत्तरः—राम राय

29. 'अमुक्तमल्यद' नामक ग्रन्थ की रचना किस शासक ने की थी?

उत्तरः—कृष्णदेव राय द्वारा।

30. कृष्णदेव राय द्वारा रचित 'अमुक्तमल्यद' कौनसी भाषा में लिखा गया था?

उत्तरः— तेलुगु।

31. कृष्णदेव राय का शासन काल बताइए।

उत्तरः—1509 ई. से 1529 ई. तक।

32. विजयनगर के शासक जिसने 'यवनराज्य की स्थापना करने वाला' विरुद धारण किसने किया?

उत्तरः— कृष्णदेव राय ने।

33. यवन का अथ बताइए।

उत्तरः— यवन संस्कृत भाषा का शब्द है जिसका प्रयोग यूनानियों तथा उत्तर—पश्चिम से उपमहाद्वीप में आने वाले अन्य लोगों के लिए किया जाता था।

34. नायक कौन थे?

CBEO BHINDER

उत्तरः—नायक सेना प्रमुख होत थे जो किलों पर नियंत्रण रखते थे एवं उनके पास सशस्त्र सैनिक होते थे।

35. अमरनायककौनथे?

उत्तरः— अमर—नायक सैनिक कमांडर होते थे जिन्हें राय द्वारा प्रशासन के लिए राज्य—क्षेत्र दिए जाते थे।

36. अमर शब्द का अर्थ बताइए।

उत्तरः—अमर शब्द का आविर्भाव मान्यतानुसार संस्कृत शब्द समर से हुआ है जिसका अर्थ है , लड़ाई तथा युद्ध।

37. अमरनायकों के कोई दो कार्य लिखिए।

उत्तरः—अमरनायकों के दो कार्य निम्नानुसार हैंः—

1- भू—राजस्व व अन्य कर वसूल करना

2- शासक को सैनिक सहायता प्रदान करना।

38. विजयनगर की पंद्रहवीं शताब्दी में यात्रा करने वाले यात्रियों के नाम उनके देश सहित बताइए।

उत्तरः— विजयनगर की पंद्रहवीं शताब्दीमें यात्रा करने वाले यात्री निम्नानुसार हैः—

1. निकोलो दे कॉन्ती (इटली)।
2. अब्दुर रज्जाक (फारस)।
3. अफजासी निकितन (रूस)।

39. विजयनगर की सोलहवीं शताब्दीमें यात्रा करनेवाले यात्रियों के नाम बताइए।

उत्तरः—विजयनगर की सोलहवीं शताब्दी में यात्रा करने वाले यात्रियों

1. दुआर्तेबरबोसा
2. डोमिंगोपेस
3. पुर्तगाल का फर्नावो नूनिज

40. विजयनगर साम्राज्य में किस महत्वपूर्ण हौज का निर्माण पंद्रहवी शताब्दी के आरंभिक वर्षो में हुआ था।

उत्तरः— कमलपुरम् जलाशय।

41. हिरिया नहर का निमार्ण किसने कराया था?

उत्तरः—संगम वंश के राजाओं द्वारा।

42. फारस के राजा का दूत अब्दुर रज्जाक विजयनगर साम्राज्य में क्या देखकर प्रभावित हुआ?

CBEOBHINDER

उत्तरः— किलेबंदी।

43. विजयनगर साम्राज्य का राजकीय केन्द्र कहाँ स्थित था?

उत्तरः—विजयनगर का राजकीय केन्द्र बस्ती के दक्षिण—पश्चिमी भाग में स्थित था।

44. विजयनगर के राजकीय केन्द्र में स्थित महल तथा मन्दिरों के बीच क्या अंतर था?

उत्तरः—विजयनगर के राजकीय केन्द्र में स्थित मन्दिर पूर्णतः राजगिरी से निर्मित थे, जबकि महलों की अधिरचना विकारी वस्तुओं से निर्मित थी।

45. महानवमी डिब्बा से आप क्या समझते हैं?

उत्तरः—विजयनगर राज्य का एक आनुष्ठानिक केन्द्र व एक विशालकाय मंच है जो लगभग 11000 वर्गफीट के आधार से 40 फीट की ऊँचाई तक जाता है।

46. विजयनगर के किस मंदिर का उपयोग केवल शासकों और उनके परिवार द्वारा किया जाता था?

उत्तरः—हजार राम मंदिर।

47. गोपुरम् का संबंध प्रत्यक्ष रूप से मंदिर के किस भाग से है?

उत्तरः—मंदिर के मुख्य प्रवेश द्वारसे।

48. महानवमी डिब्बा को किस विदेशी यात्री ने 'विजय का यवन' की संज्ञा दी?

उत्तरः— डोमिंगो पेस

49. विजयनगर के शासकों द्वारा धार्मिक क्षेत्र में मंदिर निर्माण को प्रोत्साहन देने का क्या कारण था?

उत्तरः— शासकों द्वारा इन देव—स्थलों में प्रतिष्ठित देवी—देवताओं से संबंध के माध्यम से अपनी

सत्ता को स्थापित करने तथा वैद्यता प्रदान करना था।

50. विजयनगर का प्रसिद्ध 'हजार राम मंदिर' किसके शासनकाल में निर्मित हुआ?

उत्तरः—कृष्णदेव राय

51. चोल शासकों का संबंध किस राज्य से है?

उत्तरः—तमिलनाडु।

52. होयसालों के राज्य का विकास हुआ।

उत्तरः—कर्नाटक में।

53. विजयनगर साम्राज्य के शासक किस देवता के नाम पर शासन करते थे।

उत्तरः—विरुपाक्ष

**54. विजयनगर के शासक अमर–नायकों पर नियंत्रण बनाए रखने के लिए क्या नीति अपनाते थे?**

**उत्तरः–अमर–नायकों को राजा को वर्ष में एक बार भेंट भेजनी पड़ती थी। उन्हें अपनी स्वामि भक्ति प्रकट करने के लिए राजकीय दरबार उपहारों सहित स्वयं उपस्थित होना पड़ता था। राजा समय–समय पर उन्हें एक स्थान से दूसर स्थान पर स्थानान्तरित करते रहते थे।**

**55. लोटस(कमल) महल के बारे में आप क्या जानते है?**

**उत्तरः–राजकीय केन्द्र के सबसे सुंदर भवनों में से एक लोटस (कमल) महल है, जिसका यह नामकरण उन्नीसवीं शताब्दी के अंग्रेज यात्रियों ने किया था।इतिहासकार इस संबंध में निश्चित नहीं है कि इस भवन का निर्माण किस कार्य के लिए किया गया था। इतिहासकार मैकेन्जी द्वारा बनाए गए मानचित्र से यह संकेत मिलता है कि लोटस महल एक परिषदीय सदन था। जहाँ शासक अपने परामर्श दाताओं से भेंट करता था।**

## अध्याय 10 – उपनिवेशवाद और देहात

1. संथाल विद्रोह का नेतृत्व किया

उत्तर- सिद्धू एवं कान्हू ने

2.भारत में स्थायी बन्दोबस्त कहाँ लागू किया गया था ?

उत्तर- बंगाल

3.संथाल विद्रोह कब हुआ ?

उत्तर- 1855 ई. में

4. ईस्ट इंडिया कंपनी की स्थापना कब हुई ?

उत्तर-1600 ई.

5. कॉर्नवालिस कोड कब बना?

उत्तर-1793 ई. में

6. औपनिवेशिक शासन सबसे पहले कहां स्थापित किया गया ?

CBEO BHINDER

उत्तर-बंगाल

7. इस्तमरारी बंदोबस्त क्या था ?

उत्तर-कर व्यवस्था

8. कम्पनी काल में अक्सर शक्तिशाली जमींदारों के लिए जो शब्द प्रयोग किया जाता था, वह क्या था?

उत्तर-राजा

9. इस्तमरारी बंदोबस्त कब लागू किया गया ?

उत्तर-1793 ई.

10. इस्तमरारी बंदोबस्त किसके द्वारा लागू किया गया ?

उत्तर-लार्ड कार्नवालिस

11.18 वीं शताब्दी में बंगाल में नीलामी में कितने प्रतिशत से अधिक बिक्री फर्जी होती थी ?

उत्तर-95 प्रतिशत

12. इस्तमरारी बंदोबस्त लागू किए जाने के बाद लगभग  कितने प्रतिशत से अधिक जमीदारी हस्तांतरित कर दी गई थी ?

उत्तर-75%

13. अमेरिकी स्वतंत्रता संग्राम के दौरान ब्रिटिश सेना का कमांडर कौन था ?

उत्तर- कार्नवालिस

14. ' अमला ' किसके द्वारा भेजा अधिकारी होता था?

उत्तर- जमींदार

15. रैयत शब्द का प्रयोग अंग्रेजो के विवरणों में किसके  के लिए होता था ?

उत्तर-किसान

CBEO BHINDER

16. 1798 में बर्दवान जिले में राजस्व भुगतान के बकाया से संबंधित कितने से अधिक - वाद (मामले ) लंबित थे ?

उत्तर-30,000

17. भारत आने वाले प्रथम यूरोपियन कौन थे ?

उत्तर- पुर्तगाली

18. अंग्रेजों ने सर्वप्रथम अपनी फैक्ट्री कहाँ स्थापित किया था ?

उत्तर-मछलीपट्टनम

19. जोतदार कौन थे ?

उत्तर-धनी किसान

20. पुर्तगालियों ने गोवा पर कब अधिकार किया ?

उत्तर-1510 ई.

21.. जोतदार सबसे अधिक शक्तिशाली कंहा थे ?

उत्तर- उत्तरी बंगाल

22. पांचवी रिपोर्ट ब्रिटिश संसद में कब पेश की गई ?

उत्तर-1813 ई.

23. फ्रांसिस बुकानन के विवरणों से किस जनजाति के बारे में पता चलता है ?

उत्तर- संथाल

24.पांचवी रिपोर्ट किस समिति के द्वारा तैयार की गई थी ?

उत्तर- प्रवर समिति

25.. फ्रांसिस बुकानन कौन था ?

उत्तर-चिकित्सक, एक अंग्रेज अधिकारी।

26 . पहाड़ियां लोग किस प्रकार की खेती किया करते थे ?

CBEO BHINDER

उत्तर- झूम खेती

27. किस रिपोर्ट का सम्बन्ध भारत में ईस्ट इण्डिया कम्पनी के क्रियाकलापों से है ?

उत्तर- 5 वीं रिपोर्ट

28. रैयतवाड़ी बन्दोबस्त के जनक कौन थे?

उत्तर-मुनरो एवं रीड

29. महालवाड़ी बन्दोबस्त किसके द्वारा लागू किया गया ?

उत्तर-मार्टिन बर्ड

30.1780 के दशक में किसने शांति स्थापना की नीति प्रस्तावित की ?

उत्तर-ऑगस्टस क्लीवलैंड

31. किस युद्ध में विजय के पश्चात् ईस्ट इण्डिया कम्पनी ने बंगाल, बिहार एवं उड़ीसा के दीवानी अधिकार प्राप्त कर लिये?

उत्तर-बक्सर

32. भारत में स्थायी रूप से 10 वर्षीय जनगणना का आरम्भ 1881 में किस गर्वनर जनरल के काल में हुआ ?

उत्तर- रिपन

33. संथाल किस दशक के आसपास बंगाल में आने लगे थे ?

उत्तर-1780 ई.

34. किस समय तक जमीन के एक बड़े इलाके को दामिन-ई-कोह के रूप में सीमांकित कर दिया गया था?

उत्तर-1832 ई.

35. दक्कन दंगा आयोग कब गठित हुआ ?.

उत्तर- 1875 ई.

CBEO BHINDER

36. उलगुलान विद्रोह का नेता कौन था ?

उत्तर-बिरसामुण्डा

37. रैयतवाड़ी व्यवस्था सर्वप्रथम कहाँ लागू की गई ?

उत्तर- मद्रास

38. डेविड रिकॉर्डो को किस रूप में जाना जाता है?

उत्तर-अर्थशास्त्री

39. जो राजस्व प्रणाली मुंबई दक्कन में लागू की गई उसे क्या कहा जाता था ?

उत्तर- रैयतवाड़ी

40. भारत में आनेवाला प्रथम पुर्तगाली कौन था ?

उत्तर-वास्को डी गामा

41.मुंबई दक्कन में पहला राजस्व बंदोबस्त किस  दशक में किया गया ? -

उत्तर-1820 ई.

42. 1860 के दशक से पहले ब्रिटेन में कच्चे माल के तौर पर आयात की जाने वाली समस्त कपास का लगभग तीन चौथाई भाग कहां से आता था ?

उत्तर-अमेरिका

43.ब्रिटेन में कपास आपूर्ति संघ कब बनाया गया ?

उत्तर- 1857 ई.

44. मैनचेस्टर कॉटन कंपनी कब बनाई गई ?

उत्तर-1859 ई.

45. अमेरिकी गृहयुद्ध कब छिड़ गया था ?

उत्तर-1861 ई.

46. अंग्रेजों को 1662 ई० में पुर्तगालियों ने बंबई किस रूप में दे दिया ?

CBEO BHINDER

उत्तर-दहेज में

47. अंग्रेजों को सुनहरा फरमान किस राज्य से प्राप्त हुआ था?

उत्तर-गोलकुंडा

48. बंगाल में एशियाटिक सोसाइटी की स्थापना किसने की थी ?

उत्तर- विलियम जोंस

49. किस अंग्रेज को बंगाल का टाइगर कहा जाता है ?

उत्तर-लार्ड वेलेजली

50.सहायक संधि का प्रणेता कौन था?

उत्तर- लार्ड वैलेजली

51 . बंगाल का प्रथम गवर्नर जनरल कौन था?

उत्तर- वारेन हेस्टिंग्स

52. बंगाल मै द्वैध शासन व्यवस्था की स्थापना हुई।

उत्तर- क्लाइव के समय

53.कलकता में सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना कब की गई है?

उत्तर-1773 ई.

54. स्थायी बन्दोबस्त अथवा इस्तमरारी बन्दोबस्त कब लागू किया गया था ?

उत्तर-1793 ई. मे

55. रैयतवाड़ी व्यवस्था में भूमि का स्वामी कौन होता है ?

उत्तर-किसान

56. रैयतवाडी बन्दोबस्त औपनिवेशिक भारत के कितने प्रतिशत भाग पर लागू किया गया ?

CBEO BHINDER

उत्तर- 51%

57. भारत आने वाले प्रथम यूरोपियन कौन थे?

उत्तर-पुर्तगाली

58.ईस्ट इंडिया कम्पनी की स्थापना कब हुई थी ?

उत्तर-1600 ई.

59.वारेन हेस्टिंगस ने द्वैध शासन प्रणाली को कब समाप्त किया?

उत्तर- 1772 ई. में

60. भारत में पहली बार डाक टिकट किस गवर्नर जनरल ने जारी किया ?

उत्तर- डलहौजी ने।

61. डलहौजी ने विधवा विवाह को मान्यता कब दी ?

उत्तर- 1855 ई. में

62. अवध का अंग्रेजी साम्राज्य में विलय कब किया गया।

उत्तर-लार्ड डलहौजी के समय

63.स्वेज नहर व्यापार के लिए कब खोली गई।

उत्तर-1869 ई.में

64. मीर कासिम तथा ईस्ट इंडिया कंपनी के बीच संघर्ष का मुख्य कारण क्या था ?

उत्तर-अंग्रेजों द्वारा दस्तक का दुरुपयोग

65. दक्कन दंगा आयोग कब गठित हुआ?

उत्तर- 1875 ई.

66. अवध का अंतिम नवाब कौन था

उत्तर- वाजिद अलीशाह

67.भारत में प्रथम वैज्ञानिक जनगणना किसके शासनकाल में हुई थी ?

CBEO BHINDER

उत्तर-रिपन

68. प्लासी का युद्ध कब हुआ?

उत्तर-1757 ई.

69. किसे सूर्यास्त विधि नाम से भी जाना जाता है?

उत्तर- इस्तमरारी बंदोबस्त

70. रैयतवाड़ी व्यवस्था कब लागू की गई?

उत्तर-1820 ई.

71. रैयतवाड़ी व्यवस्था किसके द्वारा लागू की गई?

उत्तर-टॉमस मुनरो

72. महालवाड़ी व्यवस्था कब लागू की गई?

उत्तर- 1833 ई.

73. भारत में रैयतवाड़ी व्यवस्था किस क्षेत्र में लागू की गई?

उत्तर-दक्कन क्षेत्र

74. उत्तर पश्चिम के क्षेत्र में राजस्व की कौन सी व्यवस्था को लागू किया गया?

उत्तर- महालवाड़ी व्यवस्था

75.बर्दवान की नीलामी वाली घटना कब हुई?

उत्तर-1797 ई.

76. जोतदारों का उदय कब हुआ?

उत्तर-18वीं शताब्दी

77.जोतदार किन लोगों को कहा गया?

उत्तर-अमीर किसान

78. अंग्रेजों द्वारा संथालों का उपयोग किन कार्यों के लिए किया गया?

CBEO BHINDER

उत्तर- जंगल की सफाई के लिए

79. पहाड़िया लोग किस प्रकार की खेती किया करते थे?

उत्तर- झूम खेती

80. पहाड़िया लोग कहां रहा करते थे?

उत्तर--राजमहल की पहाड़ियों पर

81. कौन से इलाके को संथालो की भूमि घोषित किया गया?

उत्तर-दामिन ए कोह

82.दक्कन का विद्रोह कब हुआ?

उत्तर-12 मई 1875

83. बुकानन ने कहां का दौरा किया?

उत्तर-राजमहल की पहाड़ियों पर

84. बंगाल का स्थाई बंदोबस्त किन के साथ किया गया था ?

उत्तर-जमीदारों के साथ

85. इंग्लिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने बंगाल के दीवानी अधिकार कब प्राप्त किए?

उत्तर-1765 ई.

86.मुंबई दक्कन में पहला राजस्व बंदोबस्त कब लागू किया गया?

उत्तर-1818 ई.

87. रैयत' किसे कहा जाता था ?

उत्तर-किसान को

88. पहाड़िया लोग खेती के लिए कौन से उपकरण का प्रयोग करते थे ?

उत्तर- कुदाल

89. संथाल लोग खेती के लिए कौन से उपकरण का प्रयोग करते थे?

CBEO BHINDER

उत्तर- हल

90.दक्कन दंगा रिपोर्ट ब्रिटिश पार्लियामेंट में कब पेश की गई?

उत्तर-1878 ई.

91. इलाहाबाद की संधि कब की गई थी?

उत्तर-1765 ई.

**प्रश्न 92– इस्तमरारी बंदोबस्त क्या था ।**

**उत्तरः–वह स्थायी भू.राजस्व व्यवस्था जिसके अन्तर्गत ईस्ट इंडिया कम्पनी ने राजस्व की राशि जमींदार को अदा करनी होती थी। इस्तमरारी बन्दोबस्त व्यवस्था कहलाती थी।**

**प्रश्न 93 बंगाल में बड़े जमींदारों की सम्पदाएँ नीलाम क्यों कर दी जाती थीं ६**

**उत्तर.क्योंकि बड़े जमींदार प्राय पूरा राजस्व नहीं चुका पाते थे।**

**प्रश्न 94 अमला क्या था ।**

**उत्तर. राजस्व एकत्रित करने के लिए जमींदार का जो अधिकारी गाँव में जाता थाए उसे अमला कहा जाता था।**

**प्रश्न 95 पहाड़िया लोग कौन थे ।**

**उत्तर.औपनिवेशिक काल में राजमहल की पहाड़ियों के आसपास रहने वाले लोगों को पहाड़िया कहा जाता था।**

**प्रश्न 96 कुदाल एवं हल किन लोगों के जीवन का प्रतीक माना जाता है ।**

**उत्तर. कुदाल को पहाड़िया लोगों तथा हल को संथालों के जीवन का प्रतीक माना जाता है।**

**प्रश्न 97 बम्बई दक्कन में प्रथम राजस्व बन्दोबस्त कब किया गया ।**

CBFO BHINDER

**उत्तर. 1820 के दशक में बम्बई दक्कन में प्रथम राजस्व बन्दोबस्त किया गया।**

**प्रश्न 98 रैयतवाड़ी क्या थी इसे कहाँ लागू किया गया ।**

**उत्तर. रैयतवाड़ी राजस्व की प्रणाली थी। जो कम्पनी सरकार तथा रैयत ;किसानों के बीच बम्बई दक्कन में लागू की गई थी।**

**प्रश्न 99 दक्कन में किसानों का विद्रोह कब व कहाँ से शुरू हुआ ।**

**उत्तर. दक्कन में किसानों का विद्रोह 1875 में सूपा ;आधुनिक पुणे जिले में से शुरू हुआ।**

**प्रश्न 100 दामिन–इ–कोह से आप क्या समझते हैं**

**उत्तर. 1832 में संथालों को स्थाई रूप से बसाने के लिए दामिन.इ.कोह नामक एक भू.भाग निश्चित किया गया।**

**प्रश्न 101 बुकानन कौन था।**

**उत्तर. फ्रांसिस बुकानन एक चिकित्सक था जो भारत आया तथा 1794 से 1815 तक बंगाल चिकित्सा सेवा में कार्य किया।**

**प्रश्न 102 चार्ल्स कार्नवालिस कौन था।**

**उत्तर. चार्ल्स कार्नवालिस बंगाल का गवर्नर था जिसने 1793 ई में बंगाल में इस्तमरारी बन्दोबस्त लागू किया था। इसने को स्वतन्त्रता संग्राम में ब्रिटिश सेना का नेतृत्व किया।**

**प्रश्न 103 सूर्यास्त विधि कानून क्या था ।**

**उत्तर.जमींदारों द्वारा ईस्ट इंडिया कम्पनी को एक निश्चित तारीख को सूर्यास्त तक राजस्व जमा कराना अनिवार्य था। जमा न होने की दशा में उनकी जमींदारी नीलाम की जा सकती थी। इसे ही सूर्यास्त विधि कानून कहा जाता था।**

CBFO BHINDER

# अध्याय 11–.विद्रोही और राज

## अति लघुतरात्मक प्रश्नोत्तर

**प्रश्न -1 ये गिलास फल एक दिन हमारे ही मुंह में आकर गिरेगा।" यह किसने व किस रियासत के बारे में कहा ।**

**उत्तर- 1851 में गवर्नर जनरल लॉर्ड डलहौजी ने अवध की रियासत के बारे में कहा।**

**प्रश्न - 2 अवध में सहायक संधि कब थोपी गई।**

**उत्तर -1801 में।**

**प्रश्न -3 अवध को ब्रिटिश साम्राज्य में कब और किसने मिलाया ।**

**उत्तर - 1856 में लॉर्ड डलहौजी ने ।**

**प्रश्न- 4 अंग्रेजों ने अवध के नवाब वाजिद अली शाह को किस आधार पर गद्दी से हटा दिया ।**

**उत्तर - कुशासन का आरोप लगाकर ।**

**प्रश्न- 5 सहायक संधि कब व किसके द्वारा तैयार की गई ।**

**उत्तर -1798 में लॉर्ड वेलेजली द्वारा ।**

**प्रश्न- 6 अवध के अधिग्रहण के पश्चात 1856 में कौनसी ब्रिटिश भू राजस्व व्यवस्था लागू की गई थी ।**

**उत्तर- एकमुश्त बंदोबस्त भू राजस्व व्यवस्था ।**

**प्रश्न- 7 बंगाल आर्मी की पौधशाला किसे कहा जाता था**

**उत्तर- अवध को ।**

**प्रश्न - 8 आजमगढ़ घोषणा कब की गई ।**

**उत्तर -25 अगस्त 1857 को ।**

**प्रश्न - 9 अवध जैसे क्षेत्रों में 1857 में प्रतिरोध बेहद सफल एवं लंबा चला। वहाँ लड़ाई का नेतृत्व किसके हाथों में था।**

**उत्तर- ताल्लुकदारों व उनके किसानों के हाथों में ।**

**प्रश्न - 10 लखनऊ में 1857 की क्रांति का नेतृत्व किसने किया।**

**उत्तर- बेगम हजरत महल ने ।**

**प्रश्न- 11 लखनऊ में ब्रिटिश राज के ढहने की खबर पर लोगों ने किसे अपना नेता घोषित किया ।**

**उत्तर - नवाब वाजिद अली शाह के पुत्र बिरजिस कद्र को ।**

**प्रश्न -12 रंगबाग ( प्लेजर गार्डन) का निर्माण किसने करवाया।**

**उत्तर - नवाब वाजिद अली शाह ने ।**

**प्रश्न - 13 हनुमंत सिंह कौन था ।**

**उत्तर - हनुमंत सिंह रायबरेली के समीप काला कंकर का राजा था**

**प्रश्न - 14 आजमगढ़ घोषणा में ब्रिटिश शासन के खिलाफ कौन से मुद्दे उठाए गए हैं ।**

**उत्तर - 1 जमीदारों का अत्यधिक शोषण 2 व्यापारियों की बेइज्जती व जबरन चंदा वसूली 3.सरकारी कर्मचारियों से सौतेला व्यवहार 4.कारीगरों की बेरोजगारी वह दरिद्रता 5.पंडित तथा मौलवियों का संरक्षण व धर्म की रक्षा**

CBL

## लघुतरात्मक प्रश्नोत्तर

**1 1857 का विद्रोह कब और कहाँ से प्रारम्भ हुआ था ।**

**उत्तर- 1857 का विद्रोह 10 मई 1857 को मेरठ छावनी से प्रारम्भ हुआ था**

**2 1857 के विद्रोह के समय मुगल बादशाह कौन था।**

**उत्तर- 1857 के विद्रोह के समय मुगल बादशाह बहादुरशाह जफर था ।**

3 विद्रोही सैनिकों ने दिल्ली पर अधिकार कब कर लिया।

उत्तर- विद्रोही सैनिकों ने दिल्ली पर 11 मई 1857 अधिकार कर लिया।

4 विद्रोही सैनिकों ने दिल्ली पहुँचकर किसे अपना नेता घोषित किया।

उत्तर- विद्रोही सैनिकों ने दिल्ली पहुँचकर मुगल सम्राट बहादुरशाह जफर को अपना नेता घोषित किया।

5 1857 के विद्रोह का तात्कालिक कारण क्या था ।

उत्तर-1857 के विद्रोह का तात्कालिक कारण चर्बी वाले कारतूस थे।

6 दिल्ली पर विद्रोहियों के कब्जे का विद्रोह पर क्या प्रभाव पड़ा।

उत्तर- दिल्ली पर विद्रोहियों के कब्जे के समाचार ने गंगा घाटी की छावनियों और दिल्ली के पश्चिम की कुछ छावनियों में विद्रोह का तीव्रता प्रदान की।

7 1857 के विद्रोह में साहूकार व अमीर लोग विद्रोहियों के क्रोध का शिकार क्यों बने।

उत्तर- 1857 के विद्रोह में साहूकार व अमीर लोग विद्रोहियों के क्रोध का शिकार बने क्योंकि विद्रोही साहूकार व अमीर लोगो को किसानों का उत्पीडक व अंग्रेजो का पिट्ठू मानते थे।

8 1857 के विद्रोह के दौरान अवध मिलिट्री पुलिस के के कैप्टन कौन थे।

उत्तर- 1857 के विद्रोह के दौरान अवध मिलिट्री पुलिस के कैप्टन हियर्से थे।

9 1857 के विद्रोह के समय भारत में अंग्रेज गवर्नर जनरल कौन था।

उत्तर- 1857 के विद्रोह के समय भारत में अंग्रेज गवर्नर जनरल लाई केनिंग था।

CBEO BHINDER

10 कानपुर में विद्रोह का नेतृत्व किसने किया था ।

उत्तर- कानपुर में विद्रोह का नेतृत्व नाना साहब ने किया था।

11 झांसी में 1857 के विद्रोह का नेतृत्व किसने किया था ।

उत्तर- झांसी में 1857 के विद्रोह का नेतृत्व रानी लक्ष्मी बाई ने किया था।

12 अवध में नवाब कौन था ।

उत्तर- अवध में नवाब वाजिद अली शाह था।

13 लखनऊ में ब्रिटिश राज के ढहने की खबर पर लोगों ने किसे अपना नेता घोषित किया।

उत्तर- लखनऊ में ब्रिटिश राज के ढहने की खबर पर लोगों ने नवाब के युवा बेटे बिरजिस कद्र को अपना नेता घोषित किया।

14 सामान्यत विद्रोह सन्देश किनके द्‌वारा फैल रहा था६ उत्तर- सामान्यतः विद्रोह का सन्देश आम पुरुष महिलाओं एवं धार्मिक लोगों के माध्यम से फैल रहा था।

15 आरा (बिहार) में विद्रोह का नेतृत्वकर्ता कौन था ।

उत्तर-आरा (बिहार) में विद्रोह का नेतृत्व कर्ता स्थानीय जमींदार कुँवर सिंह था।

16 1857 के विद्रोह के समय उत्तर प्रदेश के बडौत परगने में गाँव वालों को संगठित करने वाला नेता कौन था ।

उत्तर- 1857 के विद्रोह के समय उत्तर प्रदेश के बड़ौत परगल में गाँव वालो को संगठित करने वाला नेता शाहमल था।

17ण छोटा नागपुर में कोल आदिवासियों का नेता कौन था।

CBEO BHINDER

उत्तर- छोटानागपुर में कोल आदिवासियों का नेता एक आदिवासी काश्तकार गोनू था।

18 एनफील्ड राइफलों का सर्वप्रथम प्रयोग किस गर्वनर जनरल ने प्रारम्भ किया ।

उत्तर-एनफील्ड राइफलों का सर्वप्रथम प्रयोग गर्वनर जनरल हेनरी हार्डिंग ने प्रारम्भ किया।

19 1858 के अन्त में विद्रोह विफल होने के पश्चात नाना साहब कहा चले गये थे।

उत्तर-1858 के अन्त में विद्रोह विफल होने के पश्चात नाना साहब भागकर नेपाल चले गए।

20 1857 के विद्रोह का नेतृत्व करने वाले चार नेताओं के नाम लिखिए।

उत्तर- बहादुर शाह जफर . रानी लक्ष्मीबाई. कुंवर सिंह . नाना साहब।

21 1857 के विद्रोह से पूर्व भारतीय सैनिकों को कौनसी राइफले दी गई थी

उत्तर- एनफील्ड राइफल भारतीय सैनिकों को दी गई थीं।

22 1857 के विद्रोह के लिए लोगों को संगठित करने वाले दो विद्रोही नेताओं के नाम लिखिए।

उत्तर-1 शाहमल मौलवी 2 अहमदुल्ला शाह

23 शाहमल कौन था।

उत्तर- शाहमल उत्तर प्रदेश में बड़ौत परगना के एक बड़े गाँव का रहने वाला था। जिसने चौरासी गाँव के मुखियाओं और काश्तकारों को संगठित कर

अंग्रेजों के विरुद्ध व्यापक विद्रोह का नेतृत्व किया। 1 जुलाई 1857 ई. में शाह मल को युद्द में अंग्रेजों ने मार दिया।

24 स्थानीय स्तर पर राजा कहलाने वाले शाहमल ने एक अंग्रेजी अफसर के बंगले में डेरा डाला। उस भवन को क्या नाम दिया गया।
उत्तर- न्याय भवन नाम दिया गया।

25 मौलवी अहमदुल्ला शाह कौन थे ।
उत्तर- मौलवी अहमदुल्ला शाह 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में उल्लेखनीय भूमिका निभाने वाले अनेक मौलवियों में से एक थे। उन्होंने गाँव-गांव जाकर विद्रोह के लिए लोगों को संगठित किया। उन्होंने चिनहट के युद्ध मे अंग्रेजी को परास्त किया।

26 मौलवी अहमदुल्ला शाह के बोरे में लोगों की क्या धारणा थी।
उत्तर-मौलवी अहमदुल्ल शाह के बारे में लोगों की धारणा थी कि उनके पास कई जादुई ताकते है।

27 चिनहट की लड़ाई किन के मध्य हुई। इस लड़ाई में किसकी हार हुई।
उत्तर- चिनहट की लड़ाई मौलवी अहमदुल्ला शाह व अंग्रेज सेनापति हेनरी लोरेंस के मध्य हुई। इस लड़ाई में
अंग्रेज सेनापति हेनरी लोरेंस की हार हुई ।

28 सैनिकों के साजो-सामान के आधुनिकीकरण का प्रयास किसने किया और इसका क्या प्रभाव पड़ा ।
उत्तर-गवर्नर जनरल हार्डिंग ने सैनिक साजो- सामान के आधुनिकी - करण का प्रयास किया। उसने एनफील्ड राइफलों का इस्तेमाल शुरू किया जिनमें

CBEO BHINDER

**चिकने कारतूसों का प्रयोग होता था जिनके खिलाफ सिपाहियों ने विद्रोह कर दिया था।**

29 **शासकीय दुर्बलता और दतकत्ता को अवैध घोषित कर अंग्रेजों ने अनेक भारतीय रियासतो पर कब्जा कर लिया । ऐसी तीन रियासतों के नाम बताइए**
**उत्तर अवध , झाँसी , सतारा**

30 **सती प्रथा को खत्म करने वाला कानून कब बना था ।**
**उत्तर-सती प्रथा को समाप्त करने वाला कानून 1829 में बना था।**

31 **1857 में सिपाहियों ने अपने विद्रोह की शुरुआत किन विशेष संकेतों के माध्यम से की।**
**उत्तर- 1857 में सिपाहियों ने किसी न किसी विशेष संकेत के साथ अपनी कार्यवाही शुरू की। कहीं बिगुल बजाया गया और कही तोप का गोला दागा गया। सबसे पहले शस्त्रागारों को लूटा गयाए सरकारी खजानों पर कब्जा किया गयाए सरकारी दफ्तर. जेल. टेलीग्राफ दफ्तर. रिकार्ड रूम, बंगलो, सरकारी इमारतों पर हमला किया और सारे रिकार्ड जलाते चले गए। हिदुओं और मुसलमानों तमाम लोगों को एकजुट होने और फिरगियों का सफाया करने के लिए हिन्दीए उर्दू और फारसी में अपीले जारी होने लगी।**

32 **विद्रोहियों द्वारा परस्पर सम्पर्क करने के लिए संचार के माध्यम कौन से थे।**
**उत्तर विभिन्न छावनियों के सैनिक या उनके संदेशवाहक विद्रोह का संदेश देने के लिए एक स्थान से दूसरे स्थान पर जा रहे थे।**
**एक छावनी से दूसरी छावनी में सिपाहियों के बीच अच्छा संचार बना हुआ था।**

रात में सिपाहियों की पंचायतें जुड़ती थी और उनमें सामूहिक रूप से फैसले लिये जाते थे।

सिपाही अपने विद्रोह के कर्ता-धर्ता स्वयं ही थे। जब वे एकत्र होते थेए तो अपने भविष्य के बारे में फैसले लेते थे।

33 वे कौनसी अफवाएं व भविष्यवाणियां थी जो 1857 में लोगो को विद्रोह करने के लिए प्रोत्साहित कर रहीं थी ।

उत्तर- विद्रोह के समय में तरह - तरह की अफवाहों और भविष्यवाणियों ने जनता को ब्रिटिश शासन के विरुद्ध उठ खड़े होने को उकसाया जैसे-

कारतूसों में गाय और सुअर की चर्बी लगे होने की बात से भड़काना।

बाजार में मिलने वाले आटे में गाय और सुअर की हड्डियों का चूरा मिला होना ।

इस भविष्यवाणी ने भी लोगों को विद्रोह के लिए प्रेरित किया कि प्लासी के युद्ध के 100 साल पूरे होते ही 23 जून 1857 को अंग्रेजी राज खत्म हो जायेगा ।

गाँव-गाँव मे चपातिया बॉटी गई रात में एक आदमी गाँव के चौकीदार को एक चपाती देकर पाँच और चपातियाँ बनाकर अगले गाँवों में पहुंचाने का निर्देश दे जाता था। लोग उसे किसी आने वाली उपल-पुथल का संकेत मान रहे थे।

34 भारतीय लोग अफवाहों में विश्वास क्यों कर रहे थे।

उत्तर- 1857 की अफवाहों में विश्वास के पीछे 1820 के दशक से अंग्रेजी द्वारा किए गए अनेक कार्य थे ।

यथा -

गवर्नर जनरल लार्ड विलियम बैंटिक के नेतृत्व में उसी समय में ब्रिटिश सरकार पश्चिमी शिक्षा पश्चिमी विचारों और पश्चिमी संस्थानों के जरिए

**भारतीय समाज को सुधारने के लिए खास तरह की नीतियां लागू कर रही थी।**

**अंग्रेजी माध्यम के स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय खोलना जिसमें पश्चिमी विज्ञान और उदार कलाओं के बारे में पढ़ाया जाता था।**

**लार्ड विलियम बैंटिक द्वारा सती प्रथा को समाप्त करने (1829 और हिन्दू विधवा विवाह को वैधता प्रदान करने के लिए कानून बनाए थे।**

**शासकीय कमजोरी और दतकत्ता को अवैध घोषित करके अंग्रेजों द्वारा अवध, झाँसी, सतारा तथा अन्य रियासतों को कब्जे में लेना तथा अंग्रेजी ढंग की शासन व्यवस्थास् लागू करना ।**

**सामाजिक धार्मिक रीति रिवाजों में दखल देना । नई का राजस्व व्यवस्था लागू करना**

**ईसाई प्रचारकों द्वारा हिन्दू और मुस्लिम दोनो धर्म के विरुद्ध अनर्गल प्रचार करना ।**

**इन कार्यों व नीतियों से लोगों में यह भय व्याप्त हो गया कि अंग्रेज भारत में ईसाई धर्म फैलाना चाह रहे है। इसलिए उन्होंने अफवाहों तथा भविष्यवाणियों को ज्यादा महत्व दिया।**

## अध्याय 12 औपनिवेशिक शहर

1.1857 के विद्रोह से पूर्व दिल्ली के कोतवाल कौन थे।

उत्तर– गंगाधर नेहरू।

2.प्लासी का युद्ध कब और किसके बीच हुआ।

CBEO BHINDER

उत्तर– 1757 ई. में प्लासी का युद्ध अंग्रेजों और बंगाल के नवाब सिराजुद्दोला के के बीच हुआ।

3.औपनिवेशिक भारत में स्थापित दो हिल स्टेशनों के नाम बताइए।,

उत्तर– शिमला, माउंट आबु

**4 दक्षिण भारत के ऐसे 2 नगरों के नाम लिखिए जिनमें मुख्य केंद्र मंदिर होता था।**

**उत्तर. मदुरई और कांचीपुरम**

**5 कोलकाता में किन लोगों ने बाजारों के आसपास ब्लैक टाउन में परंपरागत ढंग से दालानी मकान बनवाए।**

**उत्तर.अमीर भारतीय एजेंटों और बिचौलियों ने।**

**6 19वीं शताब्दी में भारत में कौन से रेलवे नगर अस्तित्व में आए।**

**उत्तर–.जमालपुर वाल्टेयर तथा बरेली।**

**7 ईस्ट इंडिया कंपनी ने कोलकाता और मुंबई में अपने व्यापारिक केंद्र कब स्थापित किए।**

**उत्तर.–1 1661 में मुंबई में**

**2 1690 में कलकत्ता में।**

**8 लार्ड वेलेजली भारत के गवर्नर जनरल कब बने।**

**उत्तर.–1798 ई में।**

**9 कोलकाता का किला क्या कहलाता था।**

CBEO BHINDER

**उत्तर.–फोर्ट विलियम।**

10 **भारतीय शहरों में किस नए वर्ग का प्रादुर्भाव हुआ।**

**उत्तर.मध्य वर्ग का।**

11 **भारतीय शहरों में किन लोगों की मांग बढ़ रही थी।**

**उत्तर.वकीलों, डॉक्टरों, इंजीनियरों, लेखाकारो की।**

12 **बगीचा कर का संबंध किस औपनिवेशिक शहर से था।**

**उत्तर.कलकत्ता।**

13 **मुंबई मद्रास और कोलकाता विश्वविद्यालय की स्थापना कब की गई।**

**उत्तर. 1857 ई.**

14 **अंग्रेजों ने कलकत्ता की जगह दिल्ली को कब राजधानी बनाया।**

**उत्तर. 1911 ई. में।**

15 **प्रारंभ में मुंबई कितने टापूओं का इलाका था।**

**उत्तर. सात टापूओं का।**

16 **भारत में सबसे पहली रेल किन शहरों के बीच चलाई गई और कब।**

**उत्तर. मुंबई से ठाणे तक 1853 ई. में।**

17 **फोर्ट विलियम पर टिप्पणी लिखिए।**

CBEO BHINDER

**उत्तर.फोर्ट विलियम कलकत्ता का प्रसिद्ध दुर्ग था। इसका निर्माण ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने करवाया था।**

**18 अंग्रेजों तथा फ्रांसीसियों ने कब और कहां व्यापारिक केंद्र स्थापित किए।**

**उत्तर . अंग्रेजी में 1639 में मद्रास में तथा फ्रांसीसियों ने 1673 में पांडिचेरी में अपने व्यापारिक केंद्र की स्थापना की।**

**19 राइटर्स बिल्डिंग से आप क्या समझते हैं।**

**उत्तर.राइटर्स बिल्डिंग कंपनी का एक मुख्य प्रशासनिक कार्यालय था। क्लर्क राइटर्स कहलाते थे।**

**20 मुगल राजधानियों दिल्ली और आगरा के राजनीतिक प्रभुत्व की समाप्ति के बाद किन क्षेत्रीय राजधानियों का महत्व बढ़ गया था।**

**उत्तर. लखनऊ , हैदराबाद ,पुणा, नागपुर ,बड़ौदा , तंजोर।**

**21 अंग्रेजों के लिए सिविल लाइंस में किन इमारतों का निर्माण किया गया।**

**उत्तर. चौड़ी सड़कोंए बड़े बगीचों बडे बंगलों , बैरकों, परेड मैदानों चर्च आदि का निर्माण किया गया।**

**22 बंबई की उस इमारत का नाम लिखिए जो ग्रीको रोमन स्थापत्य शैली से प्रभावित है।**

**उत्तर. एल्फिंस्टन सर्कल।**

**23 स्थापत्य शैलियों से क्या पता चलता है।**

CBEO BHINDER

**उत्तर.स्थापत्य शैलियों से अपने समय के सौंदर्यात्मक आदर्शों एवं उनमें निहित विविधताओं का पता चलता है।**

24 **किस गवर्नर जनरल ने अपनी काउंसिल शिमला में स्थानांतरित की थी।**

**उत्तर.गवर्नर जनरल जॉन लॉरेंस ने 1864 में अपनी काउंसिल शिमला में स्थानांतरित की थी।**

25 **कस्बा और गंज में क्या अंतर था।**

**उत्तर.कस्बा ग्रामीण अंचल में छोटे नगर को तथा गंज एक छोटे स्थानीय बाजार को कहा जाता था।**

26 **अंग्रेजों की नजर में ब्लैक टाउन कैसे थे।**

**उत्तर.अंग्रेजों की नजर में ब्लैक टाउन अराजकता तथा हो.हल्ला के केंद्र व गंदगी और बीमारियों के स्त्रोत थे।**

27 **चाल से आप क्या समझते हैंए उनकी विशेषताएं लिखिए।**

**उत्तर.शहर में जगह की कमी और भीड़भाड़ के कारण बंबई में खास तरह की इमारतें बनाई गई जी ने श्चालश् का नाम दिया गया। ये इमारतें बहुमंजिला होती थी। जिनमें एक.एक कमरे वाली आवासीय इकाइयां बनाई जाती थी। इमारत के सारे कमरों के सामने खुला बरामदा या गलियारा होता था और बीच में दालान होता था। इस प्रकार की इमारतों में थोड़ी सी जगह में बहुत सारे परिवार रहते थे सभी लोग एक दूसरे के सुख दुख में भागीदार होते थे।**

**28 मध्यकालीन दक्षिण भारत के शहरों की मुख्य विशेषताओं का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर.1 दक्षिण भारत के नगर मदुरई तथा कांचीपुरम प्रमुख केंद्र थे।**

**2 दक्षिण भारत के अनेक नगरों में बंदरगाह होते थे।**

**3 यह व्यापार के मुख्य केंद्रों के कारण विकसित हुए थे।**

**4 दक्षिण भारत के शहरों में धार्मिक उत्सव धूमधाम के साथ मनाया जाते थे।**

**29 नव गोथिक शैली से आप क्या समझते हैं।**

**उत्तर.ऊंची उठी छतें नोकदार मेहराबे और बारीक साज.सज्जा श्नव गोथिक शैलीश की विशेषताएं थी। बंबई सचिवालय बंबई विश्वविद्यालय बंबई उच्च न्यायालय आदि भव्य ईमारते समुद्र किनारे इसी शैली में बनाई गई। यूनिवर्सिटी लाइब्रेरी के घंटाघर का निर्माण प्रेमचंद रायचंद के धन से किया गया था उसका नाम उनकी मां के नाम पर राजाबाई टावर रखा गया ।**

**परंतु नव गौथिक शैली का सर्वोत्कृष्ट उदाहरण विक्टोरिया टर्मिनल रेलवे स्टेशन है।**

अध्याय 13 – महात्मा गांधी और राष्ट्रीय आंदोलन

CBEO BHINDER

प्रश्न–1 गाँधी जी के लिए 'महात्मा' शब्द का प्रयोग किसने किया ।

उत्तर–गुरु रविन्द्रनाथ टैगोर

प्रश्न–2 चौरा–चौरी कांड कहा हुआ था ?

उत्तर– उत्तर प्रदे"ा के गोरखपुर जिले के चौरा–चौरी नामक स्थान पर ।

प्रश्न–3 गाँधी जी ने अपना पहला सत्याग्रह कहा पर किया था।

उत्तर दक्षिणी अफ्रीका ।

प्रश्न–4 गाँधी जी दक्षिणी अफ्रीका से भारत कब आए ।

उत्तर –जनवरी 1915

प्रश्न–5 कौनसा कानून 'काला कानून' कहलाता था।

उत्तर – रॉलेक्ट एक्ट

प्रश्न–6 पूर्ण स्वराज का प्रस्ताव कांग्रेस के किस अधिवेशन में रखा गया ।

उत्तर – 1929 के लाहौर अधिवे"ान में ।

प्रश्न–7 गाँधी जी के राजनैतिक गुरु कौन थे ।

उत्तर – गोपाल कृश्ण गोखले ।

प्रश्न–8 1905–07 के स्वदे"ी आन्दोलन ने कौन से तीन उग्रवादी कांग्रेसी नेताओं को जन्म दिया ।

उत्तर –1 बाल गंगाधर तिलक 2 विपन चन्द्र पाल 3 लाला लाजपत राय ।

प्रश्न–9 महात्मा गाँधी के असहयोग आन्दोलन से पहले कौन–कौनसे आन्दोलन हुए ।

उत्तर – 1. चंपारन सत्याग्रह 2 . अहमदाबाद सत्याग्रह 3.खेडा आन्दोलन ।

प्रश्न–10 भारत में गाँधी जी की पहली महत्त्वपूर्ण सार्वजनिक उपस्थिति कब हुई ।

उत्तर –फरवरी,1916 में बनारस हिन्दू वि"वविद्यालय के उद्घाटन समारोह में ।

प्रश्न–11 गाँधी जी किन–किन नामों से पुकारे जाते थे ।

उत्तर – 'गाँधी बाबा', 'गाँधी महाराज', 'महात्मा' के नामो से ।

CBEO BHINDER

प्रश्न–12 दक्षिण अफ्रीका ने ही गाँधी जी को 'महात्मा' बनाया । यह कथन किस इतिहासकार का है?

उत्तर –चन्द्रन देवनेसन ।

प्रश्न–13 '' महात्मा गाँधी जन नेता थे''।इस कथन की विवेचना कीजिए।

उत्तर – गाँधी जी के नेतृत्व में राश्ट्रीय आन्दोलन में हजारों किसानों,मजदूरों, कारीगरों तथा बुद्धिजीवियों ने भाग लिया ।

प्रश्न–14 रॉलेट एक्ट क्या था ?

उत्तर –इस एक्ट के अनुसार किसी को भी बिना कारण बताए जेल में अनि"चत काल के लिए बन्द किया जा सकता था।इस एक्ट के अनुसार न अपिल न दलिल की जा सकती थी । महात्मा गॉधी ने काला कानून कहा ।

प्रश्न–15 असहयोग आन्दोलन के दो कारण बताइये।

उत्तर –1 रॉलेट एक्ट के कारण भारतीयों में असंतोश था।

2 जलिया वाला बाग हत्याकाण्ड के कारण भारतीयों में आको"ा व्याप्त था।

प्रश्न–16 चौरा–चौरी की घटना क्या थी ।

उत्तर –फरवरी,1922 में सत्याग्रहियों द्वारा चौरा–चौरी (गोरखपुर) में पुलिस थाने में आग लगा दी जिससे 22 पुलिसकर्मी(एक थानेदार तथा इक्कीस सिपाही) जलकर मर गये।

प्रश्न–17 असहयोग आन्दोलन का क्या प्रभाव पडा?

उत्तर –1 राश्ट्रीय आन्दोलन का क्षैत्र व्यापक हो गया ।

2 राश्ट्रवाद का संदेश भारत के सुदूर भाग तक फैल गया ।

प्रश्न–18 गाँधी जी के दो सामाजिक सुधारों का उल्लेख कीजिए।

उत्तर –1छुआछूत के उन्मुलन पर बल देना ।

2 बाल विवाह की कुप्रथा को समाप्त करने पर बल देना।

प्रश्न–19 गाँधी जी ने चरखा चलाने पर क्यों बल दिया।

उत्तर –1 चरखा गरीबों को पूरक आय दे सकता था ।

2 यह लोगों को स्वावलम्बी बना सकता था ।

CBEO BHINDER

प्रश्न–20 गाँधी जी के प्रमुख सहयोंगियों के नाम लिखिए जिन्होंने भारतीय राश्ट्रीय आन्दोलन में सक्रिय भाग लिया।

उत्तर – जवाहर लाल नेहरु, सरदार वल्लभ भाई पटेल,सुभाश चन्द्र बोस,सरोजनी नायडू,अबुल कलाम ।

प्रश्न–21 सम्पूर्ण दे"ा में 'स्वतंत्रता दिवस' कब मनाया गया ।

उत्तर – 26 जनवरी 1930े

प्रश्न–22 1915 से पहले के काँगस के किन्हीं दो प्रमुख उदारवादी नेताओं के नाम लिखिये ।

उत्तर – 1गोपाल कृश्ण गोखले 2सुरेन्द्र नाथ बनर्जी ।

प्रश्न–23 हिन्दू–मुस्लिम एकता के लिए गाँधी जी के द्वारा किस आन्दोलन का समर्थन किया गया ?

उत्तर – खिलाफत आन्दोलन का ।

24. साइमन कमीशन कब नियुक्त किया गया?

उत्तर– 1927 में

25. गांधीजी ने दाण्डी यात्रा कहा से प्रारम्भ की?

उत्तर– साबरमती से

26. पूर्ण स्वराज्य का प्रस्ताव काग्रेस में कब व कहा पारित किया गया?

उत्तर – 1929, लाहोर अधिवेशन मे

27. लाहोर अधिवेशन का अध्यक्ष किसे बनाया गया?

उत्तर – जवाहर लाल नेहरू

28. गांधीजी की नमक यात्रा के दौरान भारत का वायसराय कौन था?

ज्ञर– लार्ड इरविन

29. भारत में प्रथम बार स्वतत्रंता दिवस कब मनाया गया?

CBEO BHINDER

उत्तर– 26 जनवरी 1930

30. गांधी जी की दांडी यात्रा कब समाप्त हुई?

उत्तर–6 अप्रेल 1930

31. प्रथम गोलमेज सम्मेलन कब व कहां आयोजित किया गया?

उत्तर–नवम्बर 1930 ,लन्दन में

32. गांधी जी ने कौनसें गोलमेज सम्मेलन मे भाग लिया था?

उत्तर– द्वितीय सम्मेलन

33. सविनय अवज्ञा आन्दोलन किस समझोते से वापस लिया गया?

उत्तर –गांधी –इरविन समझोता

34. गवर्मेन्ट आफ इंडिया एक्ट कब पारित किया गया

उत्तर –1935

35. अगर गांधी न होता तो यह दुनिया वाकई खुबसुरत होती।यह कथन किसका है?

उत्तर–वाइसराय लार्ड विलिग्डन का

36. क्रिप्स मिशन भारत कब आया?

उत्तर –1942 में

37. प्रत्यक्ष कार्यवाही दिवस का आव्हान किसने किया?

उत्तर –मुस्लिम लीग ने

38. गांधीजी व डा. अम्बेडकर के मध्य कौनसा समझोता हुआ?

उत्तर– पुना पैक्ट

39. मुस्लिम लीग का प्रमुख नेता कौन था?

उत्तर– मोहम्मद अली जिन्ना

40. गांधी जी की हत्या कब व किसने की?

उत्तर –30 जनवरी 1948 को नाथूराम गोंडसे

CBEO BHINDER

**41. पाकिस्तान शब्द का प्रयोग सबसे पहले किसने किया?**

उत्तर –चौधरी रहमत अली

**42. करो या मरो का नारा किसने दिया?**

उत्तर –गांधी जी ने

**43. किस अधिनियम के द्वारा केन्द्र में द्वैध शासन की स्थापना की गई**

उत्तर –1935 के अधिनियम के द्वारा

**44. तीनो गोलमेज सम्मेलन कहां आयोजित किये गये?**

उत्तर–लन्दन मे

**45.1919 में पास किए गए रॉलेट एक्ट के प्रति भारतीय जनमानस की प्रतिकिया का वर्णन कीजिए।**

उत्तर– 1919 में रॉलेट एक्ट पास किया गया जिसके अनुसार–

1. अंग्रेज बिना किसी कारण के भारतीयों को गिरफ्तार कर सकते थे तथा बिना मुकदमा चलाएं उन्हें जेल में रख सकते थे।
2. पंजाब जाते समय गॉधीजी को गिरफ्तार कर लिया गया तथा स्थानीय नता भी गिरफ्तार कर लिए गए।
3. 13 अप्रैल 1919 को अमृतसर के जलियावॉला बाग मे जनरल डायर ने निहत्थी व निर्दोष जनता पर गोलियॉ चलवाई। इस भीषण नरसंहार में 400 लोग मारे गए।

**46. 'महात्मा गांधी भारतीय राष्ट्र के पिता थे।' इस कथन को स्पष्ट कीजिए।**

उत्तर– गॉधीजो भारतीय स्वतन्त्रता संघर्ष में भाग लेने वाले सभी नेताओं में सर्वाधिक प्रभावशाली और सम्मानित थे। उन्होंने किसानों, मजदूरों, कारीगरों, व्यापारियों, बुद्धिजीवियों, हिन्दुओं, मुसलमानों, सभी भारतीयों को संगठित किया और उनमें राष्टोयता की भावना का प्रसार किया। उन्होंने 1920 से 1947 तक असहयोग आन्दोलन, सविनय अवज्ञा आन्दोलन एवं भारत छोडो आन्दोलन का नेतृत्व किया और सम्पूर्ण भारत में राष्टवाद का और स्वाधीनता प्राप्त करने का जोश भर दिया।

**47. गांधीजी के रचनात्मक कार्यो का उल्लेख कीजिए।**

उत्तर– गांधीजी ने बुनियादी शिक्षा, ग्राम उद्योग संघ, तालीमी संघ और गौ–रक्षा संघ स्थापित किये। उन्होंन समाज में फैली शोषण व्यवस्था को समाप्त करने पर बल दिया। उन्होंने कुटीर उद्योगों के प्रोत्साहन के लिए कार्य किया। चरखा और खादी उनके आर्थिक

CBEO BHINDER

तंत्र के मुख्य आधार थे। उन्होंने दलितोद्धार,शराबबन्दी, नारी–सशक्तिकरण तथा हिन्दू–मुस्लिम एकता को प्रोत्साहन दिया।


**48.क्रिप्स मिशन भारत कब आया।क्रिप्स मिशन असफल क्यों हुआ।**

उत्तर– क्रिप्स मिशन मार्च, 1942 में भारत आया। सर स्टेफर्ड क्रिप्स के साथ वार्ता में कांग्रेस ने इस बात पर बल दिया कि यदि धुरी शक्तियों के विरूद्ध ब्रिटेन कांग्रेस का समर्थन चाहता है तो उसे वाईसराय की कार्यकारी परिषद में किसी भारतीय को रक्षा सदस्य नियुक्त करना होगा। ब्रिटीश सरकार द्वारा असहमति देने पर यह वार्ता टूट गयी।

CBEO BHINDER


## अध्याय - 3 बन्धुत्व जाति तथा वर्ग

→ महाभारत काल में कुरु पांचाल क्षेत्र के पास स्थित महाजनपद एवं नगर स्थल - अथवा
महाभारत एवं बौद्धकाल के प्रमुख स्थल (केन्द्र)



नाम - भूपेन्द्र कुमार रेगर, प्राध्यापक - रा. उ. मा. वि. चारगढ़िया (भीण्डर)


# INDIA - POLITICAL AND ADJACENT COUNTRIES : मानचित्र - XII




NAME ........ STD ........ SEC ........ TEACHER'S SIGNATURE ........

# INDIA PHYSICAL AND ADJACENT COUNTRIES

# भारत प्राकृतिक और पड़ोसी देश




Scanned by CamScanner